


# तरुण छत्तीसगढ़





e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 15 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 15 अक्टूबर 2024 डाक 16 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली मेंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की





**देश-विदेश**
हरियाणा की हार से सतर्क हुई कांग्रेस महाराष्ट्र की समीक्षा बैठक में नेताओं को दी चेतावनी, बताया कैसे करना है काम





**कोरिया जिला**
पुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी:मुख्यमंत्री




## ईसीआई की आज दोपहर 3:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस महाराष्ट्र-झारखंड की चुनाव तारीखों का होगा ऐलान




**नईदिल्ली, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का आज ऐलान होगा। निर्वाचन आयोग की ओर से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया कि ईसीआई मंगलवार दोपहर 3.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इस दौरान 50 सीटों पर उपचुनाव की तारीखें भी घोषित होंगी। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म होगा। महाराष्ट्र में पिछले 2 विधानसभा चुनावों में एक ही चरण में मतदान हुआ है। ऐसा हो सकता है कि इस बार भी सिंगल फेज में वोटिंग कराई जाए। वहीं, झारखंड में 5 चरणों में मतदान का ट्रेंड रहा है। माना जा रहा है कि 2024 में इसे बरकरार रखा जाएगा।

अगर महाराष्ट्र की बात करें तो साल 2014 में यहां की सभी 288 सीटों पर 15 अक्टूबर को वोट डाले गए थे। साल 2019 में 30 नवंबर को एक फेज में वोटिंग हुई थी। वहीं, झारखंड में 2014 में 25 नवंबर, 2 दिसंबर, 9 दिसंबर, 14 दिसंबर और 20 दिसंबर को मतदान हुआ था। साल 2019 में 30 नवंबर, 7 दिसंबर, 12 दिसंबर, 16 दिसंबर और 20 दिसंबर को वोट पड़े थे।

## चुनाव के ऐलान से ठीक पहले शरद पवार बोले- चाहे 84 का हो जाऊं या 90 साल का, ये बूढ़ा रुकेगा नहीं

**मुंबई, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का एलान होने ही वाला है। इन चुनावों में महायुति को टक्कर देने के लिए महाविकास अघाड़ी ने कमर कस ली है। खासकर राज्य के अनुभवी नेताओं ने आगे आकर अपने दलों की कमान संभाल ली है। इनमें सबसे आगे राकांपा-एससीपी के नेता शरद पवार का नाम है, जिन्होंने अपनी उम्र और राजनीति को लेकर अहम बयान दिया है। पवार ने कहा है कि वे चाहे 84 वर्ष के हो जाएं या 90 साल के, वे तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक महाराष्ट्र को सही रास्ते पर नहीं ले जाते। दरअसल, हाल ही में जब शरद पवार चुनाव से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, तभी कुछ युवाओं ने उनके सामने एक बोर्ड का प्रदर्शन किया, जिसमें पवार की उम्र को लेकर तंज कसा गया था। इसमें लिखा था- 84 साल पुराना। वृद्धावस्था को लेकर इस कटाक्ष पर शरद पवार ने यह बात कही। शरद पवार ने उस पोस्टर को लेकर ही अपना जवाब दिया है। उन्होंने कहा, आप चिंता न करें। हमें बहुत दूर तक जाना है। ये बूढ़ा आदमी रुकेगा नहीं। चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90 का। ये बूढ़ा आदमी तब तक नहीं रुकेगा, जब तक महाराष्ट्र को सही रास्ते पर नहीं पहुंचा देता। चुनाव आयोग मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान होगा। ईसी आज ही उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीखों का एलान भी कर सकता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

### कानपुर हादसे का दर्दनाक मंजर, एक साथ उठीं पांच अर्थियां, हर किसी की आंखें हुई नम

**कानपुर।** मेरी बेटी सो रही है उसे मत जगाओ, मेरे लाल को मुझसे दूर मत ले जाओ। कलेजे के टुकड़े और आंखों के तारों की जब अर्थियां उठी तो पूरा चंद्र नगर मुहल्ला रो पड़ा। पनकी हादसे में सोमवार को कार सवार पीएसआईटी के चार छात्र-छात्राओं और चालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी।देर शाम सभी के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे तो स्वजन ने पूरी रात रो-रोकर काटी कि कब सुबह हो और उनका अंतिम संस्कार हो। मंगलवार सुबह सबसे पहले सतीश, प्रतीक और गरिमा के शव निकले। इसके बाद चालक विजय और छात्रा आयुषी के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

## जैसे मेरे पैरों में पटाखा फूटा हो..., बाबा सिद्दीकी पर हुई गोलीबारी में घायल हुए शख्स ने क्या कहा

**मुंबई, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीते शनिवार गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाबा पर हुई इस गोलीबारी में एक राज कनौजिया नाम के शख्स के पैर में भी गोली लग गई थी। अब राज ने बताया है कि उस दिन क्या हुआ था और उसे कैसे गोली लगी।राज ने न्यूज चैनल एनडीटीवी से बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें पैर में गोली लगी है। 22 वर्षीय युवक ने बताया कि जब वो फलों के जूस सेंटर से लौट रहे थे, तभी उनको ये गोली लगी। उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा अफसोस इस बात का है कि वह दो महीने तक कुछ नहीं कर पाएंगे। वहीं, वो फरवरी में उनकी बहन की भी शादी है, जिसमें शामिल होना भी अब उनके लिए मुश्किल लग रहा है। शनिवार रात 9 बजे के करीब जब बाबा सिद्दीकी अपने विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के बांद्रा स्थित कार्यालय से बाहर आए उनपर एक के बाद एक छह राउंड फायरिंग हुई।

## महायुति के 7 MLC नियुक्त, चुनाव से पहले सत्ताधारी गठबंधन ने खेला बड़ा दांव

**मुंबई, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की घोषणा से ठीक पहले भाजपानीत गठबंधन महायुति ने राज्यपाल कोटे से महाराष्ट्र विधान परिषद के सात सदस्यों की नियुक्ति कर दी। इन नियुक्तियों में राज्य के जातीय एवं सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखा गया है। राज्यपाल कोटे से विधान परिषद के 12 पद पूर्व की महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल से ही रिक्त थे। अभी इनमें से केवल सात को ही भरने की घोषणा की गई है। शेष की नियुक्ति महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी।एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फड़नवीस-अजित पवार के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में नामों को अंतिम रूप दिया और सूची महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के कार्यालय को भेज दी, जिन्होंने देर रात इसे मंजूरी दे दी।

इन सात में से भाजपा के हिस्से में तीन, एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा के हिस्से में दो-दो विधान परिषद सदस्य आए हैं। इन नियुक्तियों में भी महायुति ने राज्य के जातीय एवं सामाजिक समीकरणों का पूरा ध्यान रखा है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने रमन सिंह और तोखन साहू को दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने रमन सिंह और तोखन साहू को जन्मदिन की बधाई दी। रमन सिंह को बधाई देते सीएम साय ने लिखा, छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष, आदरणीय विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। गरीब, किसान, आदिवासी और महिलाओं के सशक्तिकरण से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास तक, आपका योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगा और हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। केंद्रीय मंत्री को भी दी बधाई - केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री व बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री तोखन साहू जी, आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## आगजनी में दो करोड़ की संपत्ति जलकर राख

**बहराइच, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मूर्ति विसर्जन के बाद जिले में सोमवार से शुरू हुआ बवाल मंगलवार को भी जारी रहा। उपद्रवियों ने वाहन शोरूम, दुकानों व वाहनों के अलावा लोगों की संपत्ति को भी आग के हवाले कर दिया। आगजनी में तकरीबन दो करोड़ की संपति जलकर राख होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और उपद्रवियों के बीच रात से लेकर दिन भर गोरिल्ला युद्ध चलता रहा। घटना से पूरे जिले में दहशत का माहौल व्याप्त है। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में रविवार को



प्रतिमा विसर्जन के दौरान मकान से पथराव व गोलीबारी में रेहुआ मंसूर गांव निवासी 22 वर्षीय रामगोपाल मिश्र की मौत के बाद हालात बेकाबू हो गए थे। जिले जगह-जगह में प्रतिमा विसर्जन को रोक दिया गया। शहर में स्टीलगंज तालाब के पास बाइक में आग लगा दी गई। अस्पताल चौराहे पर कई दुकानों को जला दिया गया।

काजीकटरा में भी आगजनी का प्रयास किया गया था। मामले में देर रात हरदी थानाध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा व महसी चौकी प्रभारी शिवकुमार सरोज को निलंबित कर दिया गया था। सोमवार को घायल एक अन्य दिव्यांग युवक सत्यवान के मौत की अफवाह से माहौल तनावपूर्ण हो गया। रमवापुर चौराहे के पास भीड़ ने दो वाहनों को आग लगा दिया।

## बिजली सब स्टेशन में लाइनमैन की मौत

**रायपुर।** राजधानी के मठपुरैना स्थित बिजली विभाग के सब स्टेशन में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां खंभे पर चढ़कर मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से एक लाइनमैन की मौत हो गई। यह ममला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 15 अक्टूबर दोपहर करीब 12 बजे की है। मठ पुरैना स्थित एसटीएम वन का लाइनमैन दिलीप जघेल जो ग्राम परसदा का निवासी था। वह 33/11 केवी सब स्टेशन में मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया।

करंट लगने से उसके दोनों हाथ झुलस गए और नीचे गिरने से सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में बिजली सब स्टेशन के स्टाफ ने घायल कर्मी को कालड़ा नर्सिंग होम, पचपेड़ी नाका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शाम करीब 7.30 बजे उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना टिकरापारा थाने में दी गई।









## सीएफएसबी ने एनएससीएन-के पर लगाया संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप, दो नगा युवकों के अपहरण का मामला

**गुवाहाटी, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**




संघर्ष विराम पर्यवेक्षण बोर्ड (सीएफएसबी) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बेदी ने एनएससीएन-के के निक्की सुमी गुट पर संघर्ष विराम के उल्लंघन का आरोप लगाया है। बेदी ने गुट पर दो नगा युवकों का अपहरण करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि 10 अक्टूबर को कथित तौर पर अवैध कर मांग को लेकर दीमापुर से दो युवकों का अपहरण किया गया था।बेदी ने सोमवार को चुमौकेदिमा स्थित पुलिस परिसर में एनएससीएन-के (निक्की सुमी), दीमापुर स्थित नागरिक समाज संगठनों और युवा निकायों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बंद कमरे में बैठक की। सीएफएसबी के अध्यक्ष ने बैठक के बाद कहा कि एनएससीएन-के के निक्की सुमी गुट को संघर्ष विराम के आधारभूत नियमों के उल्लंघन के साथ-साथ संघर्ष विराम कार्यालय के दुरुपयोग का जिम्मेदार पाया गया है। उन्होंने कहा कि समूह ने लिखित रूप से सहमति व्यक्त की है कि वे सभी आधारभूत नियमों का पालन करने के लिए तैयार हैं। बेदी ने कहा कि उन्होंने एनएससीएन-के निक्की सुमी समूह से कहा कि अपहरण में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास करें, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से यह काम किया हो और उन्हें पुलिस को सौंप दें ताकि कानून के अनुसार उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बेदी ने कहा कि केंद्र और एनएससीएन-के (निक्की सुमी) ने साल 2021 में संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और उसके बाद पिछले महीने इसे एक साल की अवधि के लिए बढ़ा दिया था।








महतारी वंदन योजना
महिला एवं बाल विकास विभाग
छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
महतारी वंदन योजना
प्रतिमाह एक हज़ार रुपये के मान से
साल में 12000 रुपये
छत्तीसगढ़ की 21 वर्ष से अधिक उम्र की
विवाहित, विधवा, परित्यक्ता व तलाकशुदा
70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा लाभ
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने
के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...
श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
S-41634/1
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# प्रकृति से जुड़कर काम करें तो होगी प्रगतिः सोनमणी

## विद्युतनगर कॉलोनी में उत्साह से मना विजयादशमी पर्व

**जांजगीर चांपा ।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के आवासीय कॉलोनी विद्युतनगर बसंतपुर में अन्याय एवं बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। कॉलोनी के खेल मैदान पर 40 फीट ऊंचा रावण का पुतला जलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने विजयादशमी पर्व पर सभी को मिल-जुलकर सामाजिक समरसता के साथ एकजुट होकर रहने का संदेश दिया। रावण दहन के पूर्व कॉलोनी में बाजे-गाजे के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं भ्राता श्री लक्ष्मण की झांकी निकाली गई। मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया एवं उनकी धर्मपत्नी शशि कोसरिया द्वारा प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही मैदान पर आकर्षक आसमानी आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं रूबी श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, आरके. साव, अधीक्षण अभियंता आर के. नायक एवं सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। विजयादशमी पर्व पर कॉलोनी वासियों के अतिरिक्त आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए।



## ट्रक ने महिला को कुचला,बाइक से गिरने के बाद वाहन की चपेट में आई; ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**जांजगीर-चांपा।** जिले के तरौद मुख्यमार्ग पर ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भाग निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार मृतका ज्योति साहू (32) बच्चे और पति के साथ ग्राम तरौद से अपने घर झलमला जा रहे थे। सड़क पर गड्ढे में बाइक का पिछला चक्का आने से बाइक का बैलेंस बिगड़ गया, जिससे पीछे बैठी ज्योति साहू उछलकर सड़क पर जा गिरी। महिला पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई। ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। घटना की जानकारी अकलतरा पुलिस को मिली। पुलिस टीम और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतका के परिजनों को 25 हजार रुपए शासन की ओर से सहायता राशि और ट्रक मालिक से 75 हजार रुपए देने के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया।

### विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर करें तैयारी

**जांजगीर चांपा ।** जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने जिले के राहौद के शासकीय नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रवास के बच्चों से खेल कूद मनोरंजन एवं पढ़ाई से संबंधित सवाल जवाब किये। उन्होंने एसडीएम तहसीलदार को समय समय पर छात्रावास का निरीक्षण व बच्चों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में बागवानी फल-सब्जी भी लगाने कहा।

प्रभारी सचिव श्री बोरा ने छात्रावास में विद्यार्थियों से कहा जीवन में तरक्की के साथ प्रकृति से जुड़ के रहना जरूरी है। प्रकृति से जुड़े रहने से मन शांत और एकाग्र रहता है, प्रभारी सचिव ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिले और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने छात्रावासों में बिजली, पानी और अन्य जरूरी संसाधनों की पर्याप्त आपूर्ति के लिए भी विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों की व्यवस्था, स्वच्छता और छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से बातचीत कर छात्रों के रहने, खाने और पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली। श्री बोरा ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से भी संवाद करते हुए उनसे चर्चा की। उन्होंने बच्चों को नियमित योगा अभ्यास करने कहा। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्र 1 जांजगीर के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए जिले के प्रभारी सचिव श्री बोरा ने कहा कि आप अपने विषय की तैयारी लक्ष्य बनाकर करें। इससे संबंधित विषय को लेकर आप बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने जिले में चलाये जा रहें उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों से चर्चा की और बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना अभियान की सराहना भी की। उन्होंने बारहवीं के विद्यार्थियों से कहा कि उन्होंने कहा कि शिक्षा में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने से आप सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। इसके लिए आपको पता होना जरूरी है कि आपको क्या हासिल करना है, लक्ष्य बनाने से आपको मोटिवेशन मिलता है। उन्होंने कहा कि आपके पास अभी जो समय है उसका सही तरीके से उपयोग करे। लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने से आप अपनी शिक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। बच्चों ने अपने हाथों से बनायें ग्रीटिंग भी जिले के प्रभारी सचिव श्री बोरा को भेंट किये, जिन्हे देखकर उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हे गुलाब के फूल एवं टॉफी पुरूस्कार स्वरूप दी। इस अवसर पर उन्होंने जाति प्रमाण पत्र का वितरण भी किया।



## पत्नी को डण्डा से मार-मार कर निर्मम हत्या करने वाला आरोपी पति को किया गिरफ्तार



**जांजगीर चांपा।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मृतिका तीजमत बाई एवं आरोपी विदेशी राम धनुवार दोनो पति पत्नी दिनांक 10.10.2024 को शाम करीब 04:00 बजे गांव में बाजार करने गये थे जो रात भर घर में नहीं आये दुसरे दिन दिनांक 11.10.2024 के सुबह करीब 04-05 बजे गांव का करन धनुवार घर आकर आरोपी के पुत्र राजू धनुवार को बताया कि तुम्हारे माता- पिता रोड किनारे पडे है तब खबर सुनकर अपने माता- पिता को लेने गया तो देखा कि उसकी मां जमीन में लेटी हूई थी और पिता बैठा हूआ था जो घर जाने के लिए मां को उठा रहा था तो कोई जवाब नहीं दी, एवम उसके पिता नशे में था फिर लोगो की सहयोग से मृतिका तीजमत बाई को घर लेकर आये। मृतिका की चेहरा में चोंट लगा था खून निकला था जिसकी सूचना पर थाना बलौदा में मर्ग क्रमांक 87/24 धारा 194 BNSS कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। बलौदा पुलिस द्वारा घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया मृतिका का पीएम कराया गया। शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक 367/24 धारा 103 (1) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान मृतिका की पति आरोपी विदेशीराम धनुवार निवासी पनोरापारा थाना बलौदा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेण्डम लिया गया बताया कि दिनांक 10.10.2024 को अपने पत्नी मृतिका तीजमत बाई के साथ खेत काम करने गये थे काम करने के बाद पति-पत्नी को मजदुरी रकम मिली थी जिसका दोनो एक साथ सामान लेने पनोरापारा बाजार गये थे जहां दोनों शराब पीये और रात को जब वापस आ रहे थे तो पनोरापारा खम्हरिया रोड किनारे दोनो के बीच घरेलु बात को लेकर बाता- बाती हो गई इसी गुस्से में आकर अपने पत्नि को ढकेल दिया और डण्डा से उसके सिर व चेहरा को मारना बताया।

*** बलौदा।** देरी से पैदावार होने वाले धान की फसल के लिए किसान सिंचाई की व्यवस्था में लगे हुए हैं, वही अर्ली वेरायटी 1156 धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। बलौदा तहसील के अंतर्गत कोरबी के किसान राजू अग्रवाल ने अपने खेत में खुर्रा बोनी पद्धति से 1156 धान का फसल लगाया है। 120 दिन की पैदावार वाला धान पककर तैयार हो चुका है। अब किसान फसल की कटाई शुरू करने की तैयारी में लगा हुआ है।

## भूविस्थापितों को नौकरी दो की मांग को लेकर चरणबद्ध हड़ताल शुरू

जांजगीर चांपा। मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ, एटक जिला - जांजगीर - चांपा छत्तीसगढ़ द्वारा भूविस्थापितों को नौकरी दो की मांग को लेकर चरणबद्ध अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया गया।

इस आंदोलन को अपना समर्थन देने आज क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप शामिल हुए। विधायक ने मंच में उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनहित के इस आंदोलन में उनका साथ है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भू-विस्थापितों को नौकरी देने का मुद्दा उठाते रहे हैं और आगे भी विधानसभा सत्र में यह मुद्दा जोर से उठाया जाएगा। इस दौरान सुधीर यादव, रघुनंदन सोनी, श्याम कुमार बरेठ, लोचन, राजेश शुक्ला, आशा सोनी, नसीम बानो, जानकी पटेल, रानू वैष्णव, अनुराधा शुक्ला, नवधा बरेठ, हितराम साहू, रथ राम निर्मलकर, महेश महंत सहित विभिन्नजन संगठनों के साथी भी उपस्थित रहें।

## कई पंचायतों का दायित्व मिलने से सचिव नहीं कर पा रहे काम, जनता परेशान

**पामगढ़।** जनपद पंचायत पामगढ़ में कुछ सचिवों को मनमाने तरीके से आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है। वहीं कुछ पंचायतों के सचिवों को जनपद पंचायत में संलग्न करके रखा गया है और उन्हें बिना काम के वेतन दिया जा रहा है।

इससे ग्राम पंचायतों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। मगर जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है।जनपद पंचायत पामगढ़ के सीईओ अपने चहते पंचायत सचिवों को उपकृत करने में लगे हुए हैं। पंचायत सचिवों को दो-दो पंचायत का प्रभार दे दिया जा रहा है या फिर जनपद पंचायत में संलग्न कर दिया जा रहा है। इसके चलते ग्राम पंचायतों का कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

पंचायत सचिव दिनेश कुमार यादव को ग्राम पंचायत कोनार के साथ साथ चोरभट्ठी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह सकून कुमार साहू को ग्राम पंचायत बुंदेला के साथ ग्राम पंचायत ससहा, सुमित सिंह को ग्राम पंचायत मुलमुला के साथ ग्राम पंचायत डिघोरा, अरविंद शर्मा को ग्राम पंचायत सिल्ली के साथ पचरी, रामविलास साहू को ग्राम पंचायत पड़रिया के साथ ग्राम पंचायत पकरिया का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

इनमें अधिकतर ग्राम पंचायतों की दूरी 15-30 किलोमीटर है जबकि आसपास के ग्राम पंचायत के सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिया जाना चाहिए था। बुंदेला से ग्राम ससहा की दूरी 24 किलोमीटर से अधिक है वही चोरभट्ठी से कोनार की दूरी 18 किलोमीटर से अधिक है, मुलमुला से डीघोरा की दूरी 15 किलोमीटर है

इसके बाद भी अपने चहेते सचिवों को प्रभार बिना नियमों को ताक में रखे बैगैर अतिरिक्त प्रभार दिया गया हैं। ये पूरा मामला पामगढ़ जनपद मेंचर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं इससे स्पष्ट है कि बिना जनपद पंचायत के प्रस्ताव के जिला कार्यालय से प्रभार दे दिया गया है।

जनपद पंचायत पामगढ़ में लंबे समय से छह ऐसे पंचायत सचिव हैं जिन्हें बिना किसी काम के संलग्न करके रखा गया है। पंचायत सचिवों की नियुक्ति ग्राम पंचायतों में कार्य करने के लिए होती है ताकि ये शासन के दिशा निर्देशों के अधीन ग्रामीण जनता तक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का संचालन करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिला सकें।

जनपद पंचायत में खोलबहरा दिनकर, सोनेलाल कुर्रे, किसुन लाल लहरे, लकेश्वर यादव, राजकुमार कैवर्त और ऐश्वर्य बघेल सहित छह सचिव जिन्हें जनपद पंचायत में संलग्न किया गया है। कई सचिवों के प्रभार जनपद से भेजने के बाद भी उसे जिला पंचायत द्वारा बदलकर अपने चहेते को आदेश दे दिया जाता है। पंचायतों के कार्यकाल का यह अंतिम वर्ष होने के कारण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके इसके लिए बकायदा डीएमएफ योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य स्वीकृत किये जा रहे हैं लेकिन अतिरिक्त प्रभार होने के कारण सचिव उक्त कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे है जिससे निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

## निविदा जारी होने पर रवि ने खुशी जतायी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए निविदा जारी करने पर भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के विकास के लिए कृत संकल्पित है। तरक्की और सुशासन का ये सफर स्वास्थ्य सुविधाओं मे विस्तार के रूप मे नजर आ रहा है।

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं मे सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दे रहे है। उन्होंने आगे कहा कि इसी क्रम मे राज्य के चार नवीन मेडिकल कॉलेजों जिसमे जिले की मेडिकल कॉलेज भी प्रस्तावित है। इसके भवन के लिए निविदा जारी कर दी गयी है। ज्ञात हो राज्य मे जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़ और दंन्तेवाड़ा के गीदम मे चार नवीन मेडिकल कॉलेज बनेंगे। इसकी प्लानिंग, डिजायनिंग, इंजीनियरिंग और निर्माण कार्य के लिए 1020.60 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है , ऑनलाइन उपलब्ध बिड डाक्यूमेंट को जमा करने की अंतिम तारीख 7 नवम्बर होगी।

## जांजगीर नैला में 13 हजार घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

### बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश

जांजगीर-चांपा। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और बिल में हेराफेरी को रोकने के लिए शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का अभियान शुरु हो गया है। जिला मुख्यालय के 150 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। बिजली विभाग का कहना है कि 13 हजार घरों में मीटर लगाए जाएंगे।

ज्ञात हो कि जिले में स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो गया है। विभाग पहले चरण में शहरी उपभोक्ताओं के यहां लगाने का फैसला लिया है। इसके तहत नैला जांजगीर शहर के 13 हजार उपभोक्ताओं के यहां पहले स्मार्ट लगाया जाएगा। इसका स्मार्ट मीटर लगाने का काम मुंबई के एक कंपनी को मिला है। अभी वर्तमान स्थिति में 150 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में फिर पूरे जिले में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयार में है। ये स्मार्ट मीटर ठीक उसी तरह काम करेंगे जैसे एक स्मार्ट फोन काम करता है है, लोग अब अपना इस स्मार्ट मीटर को रिचार्ज करेंगे, बिजली विभाग के अनुसार इससे बिजली चोरी में भी कमी आएगी। कहा जा रहा है छत्तीसगढ़ बिजली विभाग ने बिजली की बढ़ती खपत और चोरी को रोकने के लिए इस तरह का फैसला लिया हैं, जो अनावश्यक बिजली की खपत पर लगाम लगाने में भी कारगर होगा। रिचार्ज के दाम भी प्रति यूनिट बिजली के दाम के बराबर ही होंगे। दो माह में ही नैला- जांजगीर शहर में काम पूरा करने का प्लान है। इसमें सरकारी कार्यालय भी शामिल है। बताया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने का काम मुंबई के एक निजी कंपनी को दिया गया है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली चोरी पर भी काफी हद तक अंकुश लगेगा। साथ ही लोग आवश्यकता के हिसाब से रिचार्ज कराएंगे।

जिला मुख्यालय जांजगीर के 13 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के घरो में स्मार्ट 150 स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। इस पर कार्य चल रहा है।

अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग जांजगीर

## सीबीएसई की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 75 प्रतिशत अटेंडेंस जरूरी

**जांजगीर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों का 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे कम उपस्थिति होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्राचार्यों को लिखे गए पत्र में सीबीएसई ने कहा है कि बोर्ड परीक्षाओं में बैठने के लिए छात्रों का 75 फीसदी उपस्थिति होना बहुत जरूरी है। स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए सत्र 2024-25 की प्रैक्टिकल परीक्षा/प्रोजेक्ट/आं तरिक मूल्यांकन 5 नवंबर से 5 दिसंबर तक होगी। सीबीएसई के अनुसार कुछ खास परिस्थितियों में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा सकती है। लेकिन यह छूट तभी मिलेगी जब बच्चे को कोई गंभीर बीमारी हो, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में शामिल रहा हो। या फिर कोई और गंभीर वजह हो। इस छूट के लिए जरूरी दस्तावेज दिखाने होंगे। स्कूलों को चेतावनी दी गई है कि निरीक्षण के दौरान कोई छात्र बिना किसी सूचना या छुट्टी के अनुपस्थित मिलते हैं तो माना जाएगा कि वे नियमित स्कूल नहीं आ रहे हैं।


### कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.)

फोन/फैक्स नं. 07815-250157 Email : dfokatghora@gmail.com

//नीलाम सूचना//

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का नीलाम, दिनांक 18.10.2024 को प्रातः 9.00 बजे से कसनिया काष्ठागार में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा-

विवरण

| प्रजाति | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग |
| सागौन | 162.886 | 1774 | 72.142 | 1924 | 235.028 | 3698 |
| साल | 544.587 | 2062 | 220.326 | 826 | 764.913 | 2888 |
| बीजा | 6.433 | 37 | 2.817 | 0 | 9.250 | 37 |
| तिंसा | 0.000 | 12 | 0.488 | 0 | 0.488 | 12 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 2.716 | 103 | 0.000 | 0 | 2.716 | 103 |
| हल्दू | 1.560 | 0 | 0.000 | 0 | 1.560 | 0 |
| साजा | 6.388 | 124 | 0.949 | 0 | 7.337 | 124 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 1.673 | 0 | 1.673 | 0 |
| सलिहा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| नीलगिरी | 2.544 | 66 | 3.306 | 0 | 5.850 | 66 |
| शीशु | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| तेंदू | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| अन्य | 85.138 | 418 | 30.236 | 0 | 115.374 | 418 |
| योग (काष्ठ) | 812.252 | 4596 | 331.937 | 2750 | 1144.189 | 7346 |
| कसनिया काष्ठागार में रखे गये जलाऊ काष्ठ | | | | | | |
| सागौन जलाऊ | 8 | चट्टा | 0 | चट्टा | 8 | चट्टा |
| सतकठा जलाऊ | 16 | चट्टा | 0 | चट्टा | 16 | चट्टा |
| कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| सलिहा जलाऊ | 5 | चट्टा | 0 | चट्टा | 5 | चट्टा |
| योग (जलाऊ):- | 29 | चट्टा | 0 | चट्टा | 29 | चट्टा |
| निस्तार डिपो पाली | | | | | | |
| सतकठा जलाऊ | 56 | चट्टा | 0 | चट्टा | 56 | चट्टा |
| योग (जलाऊ):- | 56 | चट्टा | 0 | चट्टा | 56 | चट्टा |
| कसनिया काष्ठागार में रखे गये बांस | | | | | | |
| व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | 0 | नो.टन | 0 | नो.टन | 0 | नो.टन |
| औद्योगिक बांस (बण्डल) | 300 | बण्डल | 0 | बण्डल | 300 | बण्डल |
| | 2.499 | नो.टन | 0 | नो.टन | 2.499 | नो.टन |
| योग (बांस) | 2.499 | नो. टन | 0 | नो. टन | 2.499 | नो. टन |

| क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | योग | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली / डेंगरी | | जलाऊ | लट्ठा | | बल्ली / डेंगरी | | जलाऊ |
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा |
| | निस्तार डिपो सक्ती | बीजा | 3 | 0.507 | | | | 3 | 0.507 | | | |
| | | साल | 9 | 1.771 | | | | 9 | 1.771 | | | |
| | | अन्य | 324 | 40.661 | 105 | 0.671 | | 324 | 40.661 | 105 | 0.671 | |
| | | सतकठा | | | | | 32 | | | | | 32 |
| 2. | अकलतरा | सागौन | | | 380 | 3.060 | | | | 380 | 3.060 | |
| | | साल | 58 | 4.327 | 161 | 4.659 | | 58 | 4.327 | 161 | 4.659 | |
| | | साजा | 48 | 3.755 | 14 | 0.484 | | 48 | 3.755 | 14 | 0.484 | |
| | | नीलगिरी | 11 | 0.724 | 13 | 0.315 | | 11 | 0.724 | 13 | 0.315 | |
| | | अन्य | 204 | 23.630 | 19 | 0.606 | | 204 | 23.630 | 19 | 0.606 | |
| | | सतकठा | | | | | 293 | | | | | 293 |
| 3. | बाराद्वार | अन्य | 72 | 8.079 | | | | 72 | 8.079 | | | |
| | | सतकठा | | | | | 22 | | | | | 22 |
| 4. | पंतोरा डिपो | सागौन | | | | | | | | | | |
| | | साल | | | | | | | | | | |
| | | अन्य | 25 | 3.490 | | | | 25 | 3.490 | | | |
| | | सतकठा | | | | | 3 | | | | | 3 |
| | योग | | 754 | 86.944 | 692 | 9.795 | 350 | 754 | 86.944 | 692 | 9.795 | 350 |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में वनमण्डल कार्यालय व काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है। बोली बोलने के पूर्व लाटों का भली भॉति निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के ब्यौरे गलत पाये जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

टीप :- (1) क्रेता को ई.एम.डी. के साथ पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
(2) सभी राष्ट्रीयकृत बैंक मल्टीसिटी चेक अथवा ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जायेंगे। अन्य बैंकों के मल्टिसिटी चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वन मण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

जी-242503160/5


## गौण खनिज राशि दुरूपयोग को लेकर पूर्व विधायक सौरभ ने लिखा पत्र

**अकलतरा।** विधानसभा क्षेत्र अकलतरा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने गौण खनिज की राशि का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के सचिव को पत्र लिखकर प्रस्तावित राशि पर अनुमोदन प्रदान न करने की मांग की गई है। उन्होने अकलतरा विकासखंड में राज्य शासन से स्थानीय विकास के लिए गौण खनिज मद की राशि का दुरुपयोग किए जाने की बात कहते हुए पूर्व विधायक सौरभ सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत को पत्र लिखकर कलेक्टर जांजगीर चांपा को अनुमोदन प्रदान करने से मना करने की मांग की गई है। गौण खनिज मद से स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य जनहित और विकास के कार्य किया जाना चाहिए खासकर उन पंचायत में जो गौण खनिज से प्रभावित हैं अथवा उनके अगल-बगल के गांव हैं। पत्र में पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने सीएम के सचिव को बताया है कि गौण खनिज मद से अकलतरा विकासखंड में स्थानीय विकास के लिए 3 करोड़ 64 लख रुपए की राशि प्रदान की गई है। उपरोक्त राशि को जनपद पंचायत में प्रस्ताव कर कलेक्टर, सीईओ को भेजा है।



प्रस्ताव में कुल राशि का 40 प्रतिशत 144 लाख की राशि सिर्फ सी.सी. रोड निर्माण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत में दिया गया है। अकलतरा विकासखंड में 60 ग्राम पंचायते हैं। 60 ग्राम पंचायत में से मात्र 20 ग्राम पंचायत को कार्य दिया गया है एवं जिन 20 ग्राम पंचायत को कार्य दिया गया है। उनमें से 6 ग्राम पंचायत में 2.2 करोड़ का कार्य लगभग आंबटित राशि का दो तिहाई का कार्य केवल 6 ग्राम में ही दिया गया है। सबसे ज्यादा पैसा ग्राम कल्याणपुर में 58.5 लाख दूसरे नम्बर में सोनसरी 45 लाख, कटनई 31 लाख, पचरी 26 लाख, झलमला 18 लाख रुपए दिये गयें है। इन सभी 6 ग्राम पंचायत में जहा दो तिहाई राशि दी गई है, वहां एक भी खदानों का संचालन नही होता है। इस तरह की सरकारी पैसे की बंदर-बाट जनपद पंचायत ने इसलिए किया है कि क्योकि दो महीने बाद चुनाव है। पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने पत्र में मुख्यमंत्री के सचिव से आग्रह किया है कि इस पर कलेक्टर जांजगीर- चांपा को आदेश प्रदान करें कि अनुमोदन के लिए रोक लगाई जाए।

## सकरेलीकला में रावण के पुतले का दहन

**सक्ती।** विगत दिवस निकटस्थ गांव सकरेलीकला में विराट दशहरा मेला का आयोजन किया गया। रावण दहन देखने आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। यह आयोजन गांव के राम नगर स्कूलपारा के विशाल मैदान में आयोजित किया गया, जहां आसपास के कई गांवों के लोगों ने रावण दहन का आनंद लिया। देर रात तक दर्शकों की भीड़ मैदान में डटी रही।



## सपनों को साकार करने अवध ओझा और देंगे मंत्र

**जांजगीर-चांपा।** समाज सेवी संस्था हरिलीला ट्रस्ट का निःशुल्क मोटिवेशनल आयोजन 16 अक्टूबर को अपरान्ह 4 बजे स्टेशन रोड जांजगीर-नैला में आयोजित होने जा रहा हैं। इस संबंध में ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। विश्वविख्यात मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा और पूर्व आई.ए.एस. तथा छ.ग. शासन के मंत्री ओ.पी. चौधरी सेशन के दौरान मौजूद विद्यार्थियों और जनसमूह को संबोधित करेंगे जिसमें उनके द्वारा सफलता के नई ऊचाईयों को छूने की कला तथा सपनों को साकार करने के मंत्र दिये जायेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। हर साल ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिवस 16 अक्टूबर के अवसर पर जरूरतमंदो के विशेष सहयोग के लिए आयोजन कराये जाते है।


न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2024-2025
ग्राम : नवापारा, प.ह.नं.-11
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीराम रात्रे पिता श्रीराम रात्रे जाति सतनामी (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम नवापारा तह. बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नवापारा प.ह.नं. 11 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 27/1 रकबा 0.862 हे. में से 0.162हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धाण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 29.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला- कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2021-2022
ग्राम : बरपाली, प.ह.नं.-13
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रकाश सिंह राज दीपक सिंह राज पिता. स्व. श्री मोतीराम राज जाति गोंड़ (आदिवासी) निवासी ग्राम पाली तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरपाली प.ह.नं. 13 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 562/2 रकबा 0.064 हे.भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धाण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 29.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला- कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2021-2022
ग्राम : ढोंगदरहा, प.ह.नं.-5
तहसील-भैंसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अलाउद्दीन मेमन पिता अब्दुल मजीद जाति मुसलमान (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम उरगा तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम ढोंगदरहा प.ह.नं.5 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 489/25 रकबा 0.032 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धाण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 29.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला- कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2024-2025
ग्राम : सोनगुढ़ा, प.ह.नं.-3
तहसील-कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिशांक सिंह ठाकुर पिता श्री दीपक सिंह ठाकुर जाति राजपूत (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम प्लाट नं. 1012 आर.पी.नगर फेस-01 कोसाबाड़ी कोरबा तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोनगुढ़ा प.ह.नं.3 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 10 रकबा 0.243 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धाण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 29.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला- कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

**यदि हमें इस संसार के दुखों से छुटकारा पाना है तो हमें ही रास्ता खोजना होगा**

## भारत के कई शहर साइबर अपराधियों का केंद्र

मैपिंग ग्लोबल जियोग्राफी ऑफ साइबर क्राइम विद द वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स शीर्षक से जारी शोध रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि कहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इस सूची में 15 देशों के नाम हैं, जिसमें भारत दसवें स्थान पर आया है। वर्धमान ग्रुप के 82 वर्षीय चेयरमैन के साथ हुई घटना ने भारत में बढ़ते साइबर अपराध की ओर ध्यान खींचा है। चेयरमैन एसपी ओसवाल के साथ लगभग 6.9 करोड़ रुपये की ठगी हुई। ठगों ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट की नकली ऑनलाइन सुनवाई में बुलाया और जेल भेजने की धमकी देकर उनसे यह रकम ट्रांसफर करवा ली। हालांकि हाल में डिजिटल और ऑनलाइन धोखाधड़ी के अनगिनत मामले सामने आए हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का नाटक कर ठगने की बात पहले कभी नहीं सुनी गई थी। ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई में एक व्यक्ति प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ बन कर पेश हुआ। इसी दौरान उनसे कहा गया कि जांच के हिस्से के रूप में वे 6.9 करोड़ रुपये एक खाते में जमा करा दें। कुछ समय पहले भारत सरकार ने साइबर अपराधों के बारे में चेतावनी जारी की थी। गृह मंत्रालय ने कहा था कि संभव है ऐसी घटनाओं को सीमा पार स्थित आपराधिक गिरोह अंजाम दे रहे हों। एनसीआरबी के मुताबिक 2021 में भारत में साइबर अपराध के 52,974 मामले दर्ज हुए। 2022 में इनमें लगभग 24 फीसदी बढ़ोतरी हुई और कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। ब्रिटेन की ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग के शोधकर्ताओं ने इसी साल दुनिया का पहला साइबर क्राइम इंडेक्स जारी किया। उसमें भारत को खास जगह मिली। मैपिंग ग्लोबल जियोग्राफी ऑफ साइबर क्राइम विद द वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स' शीर्षक से जारी शोध रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि कहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इस सूची में 15 देशों के नाम हैं, जिसमें भारत दसवें स्थान पर आया है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध की घटनाओं को विदेश से अंजाम दिए जाने का संदेह जताया है, लेकिन ऐसी मीडिया रिपोर्टें हैं, जिनके मुताबिक भारत के कई शहर साइबर अपराधियों का केंद्र बन गए हैं। छोटी-मोटी घटनाएं तो रोजमर्रा के स्तर पर हो रही हैं। असल मुद्दा यह है कि सरकार की साइबर अपराध निरोधक एजेंसियां इन्हें रोकने में कामयाब क्यों नहीं हुई हैं। अगर अपराध का जाल फैला रहेगा, तो कभी-कभार वैसी वारदात भी होना लाजिमी है, जिसके शिकार ओसवाल बने हैं।

## राशिफल

**मेष राशि:** आज आपको धन का लाभ मिलेगा। कोई विशेष कार्य जो बहुत दिनों से अटका हुआ पड़ा था वो पूरे होंगें। आज समाज में आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।। आज किसी के साथ भी बेकार कके वाद विवाद में नहीं पड़े। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत पड़ेगी।

**वृष राशि:** आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। वहीं उधार दिया हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के जगह उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको समाधान मिल जाएगा।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन अति उत्तम बना रहेगा। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप खुद में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

**कर्क राशि:** आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं।

**सिंह राशि:** आज आपको किसी काम में अपार सफलता मिलेगी। वहीं छात्रों को आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। वहीं सिंह राशि के जातक आज अपने खर्चों पर कंट्रोल करें वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपकी काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कई बड़ी डील मिल सकती है जिससे धन का अपार लाभ हो सकता है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। स्वास्थय आज पहले से फिट रहेगा।

**तुला राशि:** आज इस राशि के जातक अपने गुस्से पर कंट्रोल रखें अन्यथा कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सूचना मिलने से मन खुश रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** आज दोस्तों के साथ दिन शानदार बीतेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले। आज अपने भविष्य और करियर के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करें।

आज इस राशि के जातकों को धन का लाभ मिलेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। वहीं परिवार में पिछले जिस गलतियों की वजह से आपके रिश्ते ठीक नहीं चल रहे

**मकर राशि:** अपने कामों से संबंधित जानकारी बढ़ाएंगे, इससे जल्द ही आपको कुछ उपलब्धियां हासिल होगी। अगर जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। वरना नुकसान हो सकता है। आज कार्यस्थल पर चापलूस लोगों से सावधान रहें।

**कुंभ राशि:** आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है।

**मीन राशि:** जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपको व्यापार में धन लाभ मिलेगा।

# कांग्रेस कमाल की पार्टी रोने बिसूरने में लगी

//अजीत द्विवेदी//

**कांग्रेस कमाल की पार्टी हो गई है। चुनाव हारते ही वह इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम और चुनाव आयोग को कोसना शुरू कर देती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि ईवीएम को लेकर सवाल नहीं हैं या चुनाव आयोग की भूमिका पक्षपातपूर्ण नहीं है। चुनाव आयोग की तटस्थता और निष्पक्षता तो काफी पहले तिरोहित हो चुकी है। लेकिन हर बार कांग्रेस के चुनाव हारने का कारण यही नहीं होता है। कांग्रेस हर बार अलग अलग कारणों से हारती है, जिनमें से कुछ कांग्रेस की अपनी राजनीति से जुड़े होते हैं तो कुछ देश की राजनीति और समाज व्यवस्था में आ रहे बदलावों से जुड़े होते हैं।**

तभी हरियाणा में कांग्रेस की हार के कारणों को ज्यादा गहराई से समझने की जरुरत है। इसे लेकर कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम जो नैरेटिव बना रहा है उसका कोई मजबूत आधार नहीं है। वह सिर्फ पार्टी नेतृत्व को जिम्मेदारी से बचाने, अपनी गलतियों पर परदा डालने और अपने समर्थकों की आंख में धूल झोंकने का एक प्रयास है। साथ ही यह इस बात का भी संकेत है कि कांग्रेस देश की सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था में हुए व्यापक परिवर्तनों की बारीकी को समझ नहीं पाई है या समझ कर भी कबूतर की तरह आंख बंद कर रही है ताकि खतरा नहीं दिखाई दे।

सबसे पहले ईवीएम की ही बात करें तो क्या कांग्रेस यह कहना चाह रही है कि ईवीएम में इस तरह की छेड़छाड़ की गई कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़े और उसकी सीटें भी बढ़े लेकिन वह चुनाव हार जाए। ध्यान रहे कांग्रेस को पिछले चुनाव में 28 फीसदी वोट मिले थे, जो इस बार बढ़ कर 39 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी उसके वोट प्रतिशत में 11 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इसके मुकाबले भारतीय जनता पार्टी का वोट तीन फीसदी बढ़ा है। पिछले चुनाव में भी उसका वोट तीन ही फीसदी बढ़ा था।

कांग्रेस 10 सीटें बागी होकर चुनाव लड़े निर्दलीय उम्मीदवारों के कारण हारी है। तीन सीटों पर इंडियन नेशनल लोकदल और एक सीट पर बसपा को मिले वोट की वजह से कांग्रेस हारी है और पांच सीटों पर आम आदमी पार्टी को मिले वोट के कारण हारी है। एक सीट पर तो कांग्रेस सिर्फ 32 वोट से हारी, जहां आम आदमी पार्टी को ढाई हजार वोट आया। तो क्या कांग्रेस यह कहना चाह रही है कि यह सब बहुत गहरी साजिश का हिस्सा है। इतनी बारीकी से एक एक सीट पर एक एक ईवीएम को इस तरह से मैनेज किया गया कि कांग्रेस का वोट भी बढ़े, निर्दलियों के भी वोट बढ़ें, आम आदमी पार्टी को भी वोट आए और कांग्रेस की हार ऐसी है, जो कम से कम तकनीकी रूप से विश्वसनीय दिखे।

पता नहीं क्यों कांग्रेस नतीजे के राजनीतिक पहलू को नहीं देखना चाह रही है। राजनीतिक हकीकत यह है कि भाजपा ने माइक्रो प्रबंधन के तहत बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों को खड़ा कराया और उनको चुनाव लडने़ में मदद की। ऐसी कोई रणनीति कांग्रेस नहीं बना सकी। इतने दो ध्रुवीय चुनाव में निर्दलीय व अन्य को 12 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। दूसरे, यह संयोग कहें या प्रयोग लेकिन हरियाणा में कांग्रेस के जाट और दलित वोट समीकरण में सेंध लगाने वाले दो गठबंधन बने और दोनों ने चुनाव लड़ा। एक इनेलो और बसपा का तो दूसरा जजपा और आजाद समाज पार्टी का। इन दोनों गठबंधनों को साझा तौर पर सात फीसदी वोट मिले। तीसरे, कांग्रेस की एक रणनीतिक गलती यह रही कि उसने लोकसभा की तरह आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल नहीं किया। लोकसभा में कांग्रेस ने 10 में से एक सीट उसके लिए छोड़ी थी। आप उम्मीदवार उस सीट पर हार गए थे लेकिन विपक्षी गठबंधन इंडिया' के एकजुट होकर लडने़ का मैसेज बना था, जिसका फायदा कांग्रेस को यह हुआ कि वह पांच सीट जीत गई। ध्यान रहे विधानसभा में आप को 1.80 फीसदी वोट मिले हैं।चौथी बात यह है कि कांग्रेस इस मुगालते में रही कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी है। लोग उससे उबे हुए हैं और भाजपा ने खुद ही मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा कर मान लिया है कि उसने हरियाणा में अच्छा काम नहीं किया है। लेकिन हकीकत यह है कि हरियाणा में या देश के ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी जैसी कोई चीज नहीं होती है। कितने भी बरस सरकार चलाने के बाद भी भाजपा अपने वोट नहीं गंवा रही है। जिन राज्यों में वह हारी है वहां भी शायद ही कहीं ऐसा है कि उसके वोट कम हुए हैं। उसका आधार वोट उसके साथ जुड़ा हुआ है क्योंकि हिंदुत्व की अंतर्धारा अब स्थायी हो गई है।

सांप्रदायिकता की राजनीति समाज में बहुत गहरे जड़ जमा चुकी है और भाजपा के मौजूदा नेतृत्व की तरफ से पिछले 10 साल से चलाए जा रहे अभियान की परिणति यह हई है कि भारतीय समाज की संरचना या विचारधारात्मक अंतर्वस्तु में गुणात्मक बदलाव आया है। बहुसंख्यक हिंदू अब मुसलमान को स्थायी तौर पर अपने लिए खतरनाक मानने लगा है। अब्दुल को टाइट' करने की धारणा बहुत गहरे तक जड़ जमा चुकी है। पहले आमतौर पर सांप्रदायिक दंगों आदि के बाद इस तरह की धारणा बनती थी। लेकिन अब समाज में स्थायी खदबदाहट है। इस वजह से भाजपा का आधार वोट उसके साथ ज्यादा मजबूती से जुड़ा है और हर चुनाव में इसमें कुछ बढ़ोतरी हो रही है। हरियाणा में भी लगातार तीन चुनावों में यह प्रवृत्ति दिखी है।

पांचवें, कांग्रेस ने भाजपा की तरह अपने सामाजिक समीकरण पर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री पद से मनोहर लाल खट्टर को हटा कर भाजपा ने नायब सिंह सैनी के जरिए अन्य पिछड़ी जाति का जो समीकरण साधा उसकी कांग्रेस ने अनदेखी कर दी। इसके उलट वह एंटी इन्कम्बैंसी और जवान, किसान व पहलवान के नाराज होने की धारणा को हवा देती रही। दूसरी ओर हरियाणा के संभवत- पहले ओबीसी मुख्यमंत्री ने 36 फीसदी वोट को एकजुट कर दिया। खट्टर के चेहरे पर यह नहीं हो सकता था। भाजपा को पता था कि खट्टर को हटाने पर भी पंजाबी भाजपा के साथ रहेगा लेकिन सैनी संपूर्ण ओबीसी वोट जोड़ देंगे। उनके साथ भाजपा ने ब्राह्मण प्रदेश अध्यक्ष और पंजाबी, गुर्जर और यादव केंद्रीय मंत्री बनाया।

उसने जान बूझकर हरियाणा से कोई जाट केंद्रीय मंत्री नहीं बनाया। इसका मकसद गैर जाट वोटों को एक मैसेज देना था। छठा, कांग्रेस ने इस सामान्य राजनीतिक सिद्धांत पर ध्यान नहीं दिया कि जब सबसे मजबूत जाति एकजुट होती है तो उसकी प्रतिक्रिया में सामान्य रूप से अन्य जातियों की गोलबंदी होती है। उसने हरियाणा में जवान, किसान और पहलवान के नैरेटिव के साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कमान बनने का मैसेज बनने दिया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे जाट पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में एकजुट हुआ लेकिन इससे जाटशाही आने का जो मैसेज बना उसको कांग्रेस काउंटर नहीं कर सकी और उसके विरोध में अन्य जातियां एकजुट हो गईं।

सातवां, भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने हुड्डा के 10 साल के कामकाज यानी 2014 से पहले के दस साल के कामकाज का मुद्दा बनाया। खर्ची और पर्ची से बहाली होने, जमीन में घोटाले और दलितों पर अत्याचार का मुद्दा चर्चा में आया। कांग्रेस ने इसका मजाक तो उड़ाया लेकिन वह प्रभावी तरीके से इसका जवाब नहीं दे सकी। आठवां, संगठन के मामले में कांग्रेस बेहद कमजोर और लापरवाह भी रही। विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस ने संगठन नहीं बनाया। आठ साल से प्रदेश संगठन नहीं है। अध्यक्ष बदलते रहे और संगठन तदर्थ तरीके से काम करता रहा। पार्टी एक या दो व्यक्तियों के करिश्मे पर निर्भर रही। दूसरी ओर मोदी के करिश्मे और शाह की रणनीति के बावजूद भाजपा ने मजबूत संगठन बनाया, जिसका असर मतदान के दौरान दिखा। यह जमीनी रिपोर्ट है कि अनेक मतदान केंद्रों पर कांग्रेस के पोलिंग एजेंट्स नहीं थे। नौवां, टिकट बंटवारे में कांग्रेस ने कोई होमवर्क नहीं किया। जमीनी फीडबैक लिए बगैर अपनी हवा होने और हुड्डा के सबको जितवा लेने की धारणा पर टिकट बांटे। दसवां, कुमारी सैलजा की नाराजगी को बिल्कुल नीचे तक पहुंचने दिया और उसके बाद संकट प्रबंधन शुरू हुआ। इसका नतीजा यह हुआ कि दलितों का एक बड़ा हिस्सा गैर जाट की हवा में बह गया।

कांग्रेस इकोसिस्टम के लोग कह रहे हैं कि हरियाणा के लोगों ने दुष्यंत चौटाला को इसलिए हरा दिया क्योंकि वे भाजपा के साथ चले गए थे लेकिन उसी भाजपा को लोगों ने जीता दिया, यह बात गले नहीं उतरती है'। ऐसे लोग खुद दिशाभ्रम का शिकार हैं और कांग्रेस नेतृत्व को भी हमेशा ऐसे ही भ्रम में डाले रहते हैं। पिछली बार जाट ध्रुवीकरण नहीं था, जिसकी वजह से दुष्यंत की पार्टी को करीब 15 फीसदी वोट मिले थे। इस बार उनके दादा की पार्टी इनेलो का थोड़ा उभार हुआ और दूसरी ओर हुड्डा के साथ साथ विनेश फोगाट यानी पहलवान और किसान व जवान की वजह से जाटों की गोलबंदी कांग्रेस के पक्ष में हुई।

तभी दुष्यंत का 14 फीसदी वोट टूटा, जिसका थोड़ा हिस्सा इनेलो को गया और बाकी कांग्रेस के साथ आ गया। कांग्रेस का जो 11 फीसदी वोट बढ़ा है वह लगभग पूरा ही दुष्यंत चौटाला से टूट कर आया है और लगभग पूरा ही जाट का वोट है। सो, कांग्रेस का सामाजिक समीकरण मोटे तौर पर जाट, मुस्लिम और कुछ हद तक उम्मीदवार की जाति का रह गया। गैर जाट वोट कांग्रेस के विरोध में गए, जिसका बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। कांग्रेस को इन राजनीतिक कारणों पर गंभीरता से विचार करने की जरुरत है। लेकिन इसकी बजाय वह साजिश थ्योरी का बहाना बना कर रोने बिसूरने में लगी है।

# अगली सदी की गाथा और अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के लिए भारत की कुंजी

//अनुराग सक्सेना//

**पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आईपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं।**

इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं। हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है। दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आईटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को दुनिया का बैकरूम का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च-मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया। जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया।हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू-राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू-राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है।यह नई मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का क्रिएट इन इंडिया पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी। जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया, आइए हम सब मिलकर क्रिएट इन इंडिया' यानी 'भारत में सृजन करें आंदोलन शुरू करें। ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसर क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक-सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पड़ने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया। ईस्टमैन कलर और विनाइल रिकॉर्ड की प्रौद्योगिकियों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद की। एक्सआर और गेमिंग का युग भारत को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के तत्वावधान में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज की घोषणा की। यह एक अनूठा आयोजन है, जो दुनिया के सामने हमारे एवीजीसी सेक्टर के भविष्य को दर्शाता है। यह ब्रॉड स्पेक्ट्रम चैलेंज 25 प्रकार के कंटेंट और गेम में हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। भारत को ऐसे और भी दृश्यमान समारोहों की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि दुनिया हमारी रचनात्मकता और हमारी महत्वाकांक्षा को देखे।हालांकि, इस क्षमता के द्वार को पूरी तरह से खोलने के लिए, भारत को भी भारी निवेश करना होगा। एवीजीसी सेक्टर डिजिटल इंटरैक्शन और मनोरंजन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। भविष्य के इस द्वार को खोलने के लिए कौशल-विकास, निवेश पाइपलाइन, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जो मायने रखते हैं। इसके लिए एक प्रगतिशील नियामक प्रणाली के साथ-साथ और भी कई आवश्यकताएं हैं। यह वास्तव में एक कठिन काम है। लेकिन यहां गंगोत्री स्थापित करके, भारत आने वाले वर्षों के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था और कथानक में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है।नीतिगत मामलों के विशेषज्ञ और ऑपएड स्तंभकार हैं। उनका लेखन वाशिंगटन पोस्ट, बीबीसी, वाइस, द डिप्लोमैट, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, संडे गार्जियन, स्पैन, ऑर्गनाइजर और पांचजन्य में छप चुका है।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में हरियाणा से राज्य सभा के सदस्य कृष्ण लाल पंवार का इस्तीफा स्वीकार किया।



सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम ने नई दिल्ली में महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) का पदभार ग्रहण किया।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी के साथ गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग के सचिव ग्रेग मोरियार्टी से मुलाकात की।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने नई दिल्ली में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा आयोजित औषधि विनियामक प्राधिकरणों के 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान श्रोताओं को संबोधित किया।




केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रहलाद जोशी और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा नोएडा में विश्व मानक दिवस 2024 में शामिल हुए।

# उपचुनाव में कांग्रेस को कितनी सीटें देगा आईएनडीआईए, उम्मीदवार घोषित कर सपा दे चुकी है झटका



**लखनऊ, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 में से छह सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर सपा ने कांग्रेस को झटका दिया है। कांग्रेस उपचुनाव में भाजपा व रालोद के हिस्से रहीं पांच सीटों पर अपनी दावेदारी कर रही थी। अब उसके हिस्से दो सीटें ही आने की उम्मीद है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस का विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के सहयोगी दलों पर दबाव कम होता दिख रहा है। सपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा था। ऐसे में उपचुनाव में वह सात से आठ सीट पर अपनी दावेदारी बरकरार रखेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के हिस्से रही मीरापुर सीट को भी सपा अपने हिस्से में जोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में सपा व रालोद के बीच गठबंधन था। प्रदेश कांग्रेस ने सपा से गठबंधन के तहत उपचुनाव के लिए पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखा था। इनमें भाजपा के हिस्से रहीं फूलपुर, खैर, गाजियाबाद व मझवां के अलावा रालोद के हिस्से रही मीरापुर सीट पर कांग्रेस अपनी उम्मीदवार मैदान में उतारने की तैयारी में थी।

सपा के छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद अब गाजियाबाद, खैर, मीरापुर व कुंदरकी सीट बची हैं। इनमें गाजियाबाद व खैर कांग्रेस के हिस्से आ सकती हैं। कुंदरकी व मीरापुर सीट सपा के हिस्से में ही रहने की उम्मीद अधिक है। हालांकि, कांग्रेस ने सभी 10 सीटों पर संविधान सम्मान सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इसकी शुरुआत प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से की थी, जिसके बाद मंझवा, मीरापुर व खैर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन हुआ। कांग्रेस ने बुधवार को कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्रों में संविधान सम्मेलन का आयोजन किया। शेष पांच सीटों पर 14 से 18 अक्टूबर के मध्यम सम्मेलन होंगे। कांग्रेस सभी 10 सीटों के लिए वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी व पर्यवेक्षक नियुक्त कर चुकी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि उपचुनाव में पांच सीटों पर लड़ने का प्रस्ताव दिया था। सपा से सीटों के बंटवारे पर अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व को लेना है।

# भारत-कनाडा क्यों हैं आमने-सामने राजदूत वापस बुलाने तक कैसे पहुंची बात

**नईदिल्ली, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड के संदर्भ में भारत व कनाडा के बीच चल रहा कूटनीतिक विवाद काफी गंभीर रुख अख्तियार कर चुका है। सोमवार को नई दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायुक्त को समन कर विदेश मंत्रालय बुलाया गया और उन्हें इस बात पर फटकार लगाई गई कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और उच्चायोग के अधिकारियों को निज्जर हत्याकांड से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।सोमवार को कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा का नाम बतौर पर्सन ऑफ इंटरेस्ट में शामिल किया। जिसका अर्थ होता है, पुलिस को लगता है कि वह किसी अपराध में शामिल हो सकता है। हालांकि, पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकती, लेकिन उसे जांच के दायरे में रखा जा सकता है।भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और दूसरे उन सभी अधिकारियों को स्वदेश बुलाने का फैसला किया जिन्हें कनाडा सरकार अभियोजित करने की कोशिश कर रही है। देर शाम भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त समेत छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। उन्हें 19 अक्टूबर तक भारत छोड़ने को कहा गया है।विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार के आरोपों को बेहूदा करार दिया और कहा कि उसे अब



ट्रूडो सरकार पर भरोसा नहीं है, वह कुछ भी कर सकती है। साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि भारत के खिलाफ अतिवाद, हिंसा और अलगाववाद का समर्थन करने वाली ट्रूडो सरकार पर आगे कार्रवाई करने का उसका अधिकार सुरक्षित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत को कल कनाडा से एक राजनयिक संचार मिला था। इसमें कहा गया था कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक निज्जर हत्याकांड से संबंधित मामले में हितधारक हैं। बता दें कि निज्जर की जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।भारत-कनाडा विवाद की शुरुआत वर्ष 2023 में उस वक्त हुई जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में 18 जून को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भारत द्वारा आतंकवादी घोषित हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा ने भारत की संलिप्तता का दावा किया था। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर 2023 को कनाडा की संसद में आरोप लगाया कि भारत भारत सरकार के एजेंटों ने ही हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की है। इसके भारत भारत ने कनाडा के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया था।

गौरतलब है कि एक साल से चल रहे इस विवाद में कनाडा ने अभी तक भारत को एक भी सबूत उपलब्ध नहीं कराये हैं।भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी और कहा भारत सरकार निरर्थक आरोपों को सिरे से खारिज करती है और इसे ट्रूडो प्रशासन की वोट बैंक राजनीति के एजेंडे से प्रेरित मानती है। पीएम ट्रूडो ने सितंबर 2023 में जो आरोप लगाए थे, उसके संदर्भ में अभी तक एक भी सुबूत भारत सरकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अभी जो नया कदम उठाया गया है, उसके पीछे भी कोई सुबूत नहीं है। ऐसे में इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उक्त कदम भारत की छवि को नुकसान पहुंचाकर राजनीतिक लाभ के मकसद से उठाया गया है। वर्ष 2018 में ट्रूडो की भारत यात्रा का जिक्र भी किया गया है, जिसका इस्तेमाल ट्रूडो ने कनाडा चुनाव में अपनी छवि चमकाने के लिए किया था । विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ट्रूडो ने अपनी कैबिनेट में भारत के खिलाफ अलगाववाद व अतिवाद का समर्थन करने वालों को जगह दी।

# मुंबई में मचा हड़कंप: 3 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, एक की आपात लैंडिंग करानी पड़ी

**मुंबई, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी से सोमवार को मुंबई में हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियां सकते में आ गई। इनमें एक फ्लाइट एअर इंडिया जबकि दो इंडिगो एयरलाइंस की थीं। एअर इंडिया की मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली फ्लाइट का रास्ता बदलकर दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई जबकि इंडिगो की दोनों फ्लाइटों को मुंबई में उड़ने से पहले अलग क्षेत्र में ले जाकर गहन जांच की गई। जांच में कुछ नहीं मिला।इंडिगो की मस्कट जाने वाली फ्लाइट ने करीब सात और जेद्दा जाने वाली फ्लाइट ने करीब 11 घंटे की देरी से गंतव्य के लिए उड़ान भरी। एअर इंडिया की फ्लाइट अब मंगलवार सुबह दिल्ली से न्यूयार्क के लिए उड़ान भरेगी। फजलुद्दीन नामक अकाउंट के जरिए विमानों और ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई थी।बम की धमकी मिलने के बाद एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ 119 की दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजैंसी लैंडिंग कराई गई। एअर इंडिया की इस फ्लाइट में 239 यात्री



और चालक दल के 19 सदस्य सवार थे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फ्लाइट को अलग रनवे पर ले जाया गया। कई घंटों तक फ्लाइट की गहन जांच हुई। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मामले की जांच की जा रही है। उधर, मुंबई से मस्कट के लिए रवाना हुई इंडिगो फ्लाइट 6ई 1275 और मुंबई से जेद्दा जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 56 को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इंडिगो की दोनों उड़ानों में 280 यात्री सवार थे। हालांकि जांच के बाद दोबारा फ्लाइटों को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया गया।इंडिगो प्रवक्ता ने बताया कि जैसे ही इन दोनों विमानों को बम की धमकी मिली, सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत दोनों को तुरंत हवाई अड्डे से दूर अलग ले जाया गया।

इसके बाद विमान की जांच हुई। हवाई अड्डे की सुरक्षा टीम, बम निरोधक दस्ते और अन्य जांच एजेंसियां ने विमान की जांच की। उसमें कुछ नहीं मिला। इंडिगो की ओर से कहा गया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।सोमवार को मुंबई-हावड़ा मेल ट्रेन को टाइमर बम से उड़ाने की धमकी मिली। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ के मुताबिक, कंट्रोल रूम को सुबह करीब चार बजे धमकी भरा संदेश मिला। मुंबई-हावड़ा मेल ट्रेन (12809) को जलगांव स्टेशन पर रोककर जांच की गई। इसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो गई।गुजरात की राजधानी गांधीनगर में गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (जीएनएलयू) को भी बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला था। इसके बाद पुलिस द्वारा परिसर की गहन जांच की गई और दावा फर्जी पाया गया।

# 18 साल बाद मलेशिया एयरलाइंस ने कोलकाता से शुरू की सीधी उड़ान

**कोलकाता, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मलेशिया एयरलाइंस ने 18 साल बाद कोलकाता और कुआलालंपुर के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइन दो दिसंबर से इस मार्ग पर बोइंग 737-800 विमान के साथ सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।यह रणनीतिक कदम अमृतसर में पिछले महीने सफलतापूर्वक दैनिक परिचालन शुरू करने के बाद उठाया गया है। इस एयरलाइन ने 2006 में कोलकाता और कुआलालंपुर के बीच सीधी उड़ानें बंद कर दी थीं।कोलकाता में मलेशिया के मानद महावाणिज्यदूत संजय बुधिया ने कहा कि वीजा-मुक्त प्रवेश और कोलकाता से सीधी उड़ान दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी। एयरलाइन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इससे भारत के 10 गंतव्यों - नई दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, अमृतसर, त्रिवेंद्रम, अहमदाबाद और कोलकाता के लिए एयरलाइन की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी।मलेशिया एविएशन ग्रुप (एमएजी) एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अहमद लुकमान मोहम्मद आजमी ने कहा कि इस उड़ान के फिर से शुरू होने और अमृतसर से उड़ान आवृत्तियों में वृद्धि के साथ एयरलाइन अब दोनों देशों के बीच 76 साप्ताहिक उड़ानें प्रदान करती है। कुआलालंपुर से कोलकाता के लिए उड़ान एमएच 184 सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को रात 9:35 बजे (स्थानीय समय) रवाना होगी, जबकि कोलकाता से कुआलालंपुर के लिए वापसी की उड़ान एमएच 185 उसी दिन सुबह 12.10 बजे (स्थानीय समय) रवाना होगी।

भारत के अलावा मलेशिया एयरलाइंस की निगाहें यूरोपीय बाजार पर भी टिकी है। वह लगातार यूरोप में अपने नेटवर्क को बढ़ा रही है। इसके अलावा एयरलाइंस ने दा नांग, वियतनाम और मालदीव से उड़ानें भी शुरू कीं। एयरलाइंस ने यह भी एलान किया कि कुआलालंपुर और पेरिस के बीच करीब 10 लाल बाद 22 मार्च 2025 से उड़ान शुरू होगी। मलेशिया और फ्रांस के बीच संपर्क को बढ़ाने की खातिर कंपनी सप्ताह में चार फ्लाइट का संचालन करेगी। मलेशिया एयरलाइंस भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार मान रही है। यही वजह है कि कंपनी अपने नेटवर्क का लगातार विस्तार करने में जुटी है। त्रिवेंद्रम और अहमदाबाद में फ्लाइट की संख्या बढ़ाने पर भी विचार चल रहा है।

## भीख मांग रहा पाकिस्तान, कैसे सेना को बना रहा आधुनिक, नौसेना प्रमुख बोले- यह गंभीर चिंता की बात

**नईदिल्ली, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने चीन के समर्थन से पाकिस्तान को उपकरण और हथियार मिलने को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह चकित करने वाली बात है कि एक अर्थव्यवस्था, जो डगमगा रही है और अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए भीख मांग रही है, वह सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए धन कैसे जुटा सकती है। नौसेना प्रमुख ने एक साक्षात्कार में कहा कि वे पाकिस्तानी नौसेना में जो कुछ हो रहा है, उस पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह गंभीर चिंता की बात है। यह आश्चर्य की बात है कि एक अर्थव्यवस्था जो लड़खड़ा रही है और अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए भीख मांग रही है, वह अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए धन कैसे जुटा सकती है।वे विभिन्न स्त्रोतों से किस प्रकार के हथियार और प्लेटफार्म हासिल कर रहे हैं, उस पर नजर रख रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए हमने रणनीति बनाई है कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता नहीं होने पाए। उन्होंने बताया कि भारतीय शिपयार्डों में 63 जहाजों का निर्माण किया जा रहा है। पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने के बारे में कहा, जहां तक चीन का सवाल है। आप पूरी तरह से जानते हैं कि यह संख्या के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गई है। हम इस पर भी नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय शिपयार्ड में 63 जहाज बनाए जा रहे हैं।

# हरियाणा की हार से सतर्क हुई कांग्रेस, महाराष्ट्र की समीक्षा बैठक में नेताओं को दी चेतावनी, बताया कैसे करना है काम

**नईदिल्ली, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हरियाणा चुनाव की अप्रत्याशित हार से बदली राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर कांग्रेस ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपनी रणनीति का नए सिरे से आकलन करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने महाराष्ट्र की चुनावी तैयारी की सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में दूध का जला छांछ भी फूंक कर पीने के मुहावरे के अनुरूप सूबे के नेताओं को हरियाणा की गलती नहीं दोहराने की साफ चेतावनी देते हुए जातीय-सामाजिक समीकरणों का आकलन कर गहराई से जमीन पर काम करने का निर्देश दिया।पार्टी नेतृत्व ने महाराष्ट्र में सामाजिक समीकरणों की सियासत की समीक्षा कर चुनावी रणनीति को नए सिरे से अमलीजामा पहनाने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले चुनाव में विपक्षी



आईएनडीआईए गठबंधन के भविष्य की राजनीति की डगर का बड़ा दारोमदार कांग्रेस पर है और इस दबाव को भांपते हुए ही पार्टी नेतृत्व हरियाणा के परिणामों के बाद काफी सक्रिय दिख रहा है। महाराष्ट्र के शीर्ष पार्टी नेताओं की यह बैठक हरियाणा के परिणामों से बदले हालातों के परिप्रेक्ष्य में ही बुलाई गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद थे। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता बैठक में शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद पवार के अपने गठबंधन की जीत की प्रबल संभावनाओं की चर्चा की। सूत्रों के अनुसार इस पर राहुल गांधी ने इन नेताओं को अति आत्मविश्वास से बचने की चेतावनी देते हुए हरियाणा में इसकी वजह से हाथ आयी जीत के फिसल जाने की बात कही। समझा जाता है कि इस दौरान हरियाणा में जातीय-सामाजिक समीकरण के जमीनी आकलन में हुई चूक का हवाला भी दिया जिसके कारण अनुकूल माहौल होते हुए भी परिणाम उलट रहे। इस लिहाज से महाराष्ट्र में भी कई स्तरों पर चल रही जातीय सियासत के दांव-पेंच का सही तरीके से आकलन कर उन वर्गों के बीच भी पैठ बनाने की नसीहत हाईकमान ने दी जहां भाजपा की अगुवाई वाले महायुति का प्रभाव माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक यह भी कहा गया कि गठबंधन में करीब 90 प्रतिशत सीटों के बंटवारे पर सहमति बन चुकी है। मगर सामाजिक समीकरणों को सुधारने और नई राजनीतिक वास्तविकता के हिसाब से आपस में कुछ सीटों की अदला-बदली के लिए भी तैयार होना होगा। विशेषकर सूबे के ओबीसी वर्ग और मराठों के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे गहरे विवाद में कांग्रेस-शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद को संयुक्त रणनीति अपनाए रखनी पड़ेगी।

समझा जाता है कि इसी लिहाज से महाराष्ट्र चुनाव में आरक्षण और जातीय जनगणना के मुद्दे को कितना और किस स्वरूप में उठाया जाना चाहिए इस पर भी चर्चा हुई। सूत्र ने बताया कि बैठक में हरियाणा के नतीजों के बाद सहयोगी दलों के बदले तेवरों के संदर्भ में भी बातचीत हुई और नेतृत्व ने महाराष्ट्र के अपने नेताओं से संयम बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि सीट बंटवारे से लेकर किसी तरह के वाद-विवाद के मसले को केंद्रीय नेतृत्व हल करेगा।

# गाड़ी में बिठाकर सवारियों से लूटपाट करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा, खुद को बताते थे पुलिसकर्मी

**गुरूग्राम, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मानेसर क्राइम ब्रांच की टीम ने गाड़ी में बिठाकर सवारियों से लूटपाट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ा है। 12 अक्टूबर को इस गिरोह ने मानेसर निवासी एक व्यक्ति से लूटपाट की थी। पीड़ित की शिकायत थाने में केस दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन आरोपियों को धर दबोचा। तीनों दिल्ली के त्रिलोकपुरी के रहने वाले हैं। मानेसर क्राइम ब्रांच के प्रभारी सब इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि रविवार को मानेसर निवासी सुनील कुमार ने मानेसर थाने में लूटपाट की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि वह शनिवार रात मानेसर के नजदीक हाइवे पर वाहन के इंतजार में खड़े थे।इसी दौरान ईकोस्पोर्ट गाड़ी रुकी। इसमें तीन लोग थे। गुरुग्राम जाने के लिए सुनील इसमें बैठ गए। कूछ दूर चलने पर गाड़ी में बैठे लोगों ने चाकू



दिखाकर सुनील से पर्स ले लिया और कार से नीचे उतार दिया।

क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में शिकोहपुर गांव के पास से रविवार रात तीन आरोपियों को धर दबोचा।इनकी पहचान दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी रमेश, गंगाराम व के. सेलवराज के रूप में की गई। आरोपियों ने पूछताछ में पीड़ित से लूट की वारदात की जानकारी दी।पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी रास्ते में किसी अकेले व्यक्ति को निशाना बनाते और फिर उस व्यक्ति को सवारी के रूप में अपनी गाड़ी में बिठा लेते थे। गाड़ी में वर्दी टांग कर रखते थे और सवारी को अपना परिचय पुलिसकर्मी के रूप में कराते थे। फिर ये अपने मोबाइल फोन में पहले से रिकॉर्ड की गई एक सूचना चलाते, जिसमें किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को काबू करने के लिए सवारियों व उनके समान को चेक करने की बात कही जाती थी। इसके बाद आरोपी व्यक्ति की व उसके सामान की तलाशी लेने के नाम पर उसका सामान, पर्स व अन्य सामान लूट लेते थे। इसके बाद गिरोह के लोग मोबाइल फोन में रिकार्ड दूसरा संदेश चलाते थे, जिसमें कहा जाता था कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है, उनकी टीम वापस आ जाए। इस पर व्यक्ति को रास्ते में छोड़कर चले जाते थे।गिरोह ने एनसीआर, केएमपी एक्सप्रेस-वे, उत्तर-प्रदेश की विभिन्न जगहों पर सौ से ज्यादा वारदात को अंजाम दिया। गिरोह के लोग डेढ़ साल से सक्रिय थे। रमेश पर चोरी, शस्त्र अधिनियम, धोखाधड़ी के संबंध में तीन केस दिल्ली में दर्ज हैं। सेलवराज पर चोरी के संबंध में एक केस दिल्ली में दर्ज है। इनके पास से ईको-स्पोर्ट गाड़ी, एक चाकू व सात हजार रुपये की नकदी बरामद की गई है।सभी आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। इनसे अन्य वारदात के बारे में भी पूछताछ की जाएगी।

# निगमायुक्त को एलजी ने किया और पावरफुल, 2400 करोड़ की योजना कर सकेंगे मंजूर, कूड़े का पहाड़ भी होगा अब खत्म

**नईदिल्ली, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली में एक बार फिर उपराज्यपाल ने हस्तक्षेप कर दिल्ली की बड़ी समस्या का निवारण कर दिया है। एलजी ने कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने से लेकर कूड़े से बिजली बनाने के प्लांट और मध्य जोन के 25 वार्ड का घर-घर से कूड़ा उठाने की निविदा को भी जारी किया जा सकेगा।यह शक्तियां स्थायी समिति के पास होती थीं, लेकिन एमसीडी एक्ट के अनुच्छेद 202 का उपयोग करते हुए उपराज्यपाल ने इन परियोजनाओं को मंजूर करने की शक्ति निगमायुक्त को दे दी है। हालांकि एलजी ने आदेश दिया है कि इन परियोजनाओं को मंजूर करने के बाद में निविदाओं का विस्तृत विवरण स्थायी समिति के समक्ष मंजूरी के लिए रखना होगा।

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त के पास पांच करोड़ तक की परियोजनाओं को मंजूर करने की शक्ति है। इससे अधिक तक की परियोजनाओं को मंजूर केवल और केवल स्थायी समिति की मंजूरी से किया जा सकता है। निगम में आप और भाजपा के बीच चल रही राजनीतिक खींचतान और कानूनबाजी के चलते स्थायी समिति का गठन करीब 20 माह से नहीं हो पाया है। इसका सीधा असर एमसीडी से जुड़ी परियोजनओं पर पड़ रहा है। राजनिवास के अनुसार, स्थायी समिति के गठन न होने की वजह से छह लंबित परियोजनाओं को मंजूर करने की शक्ति निगमायुक्त को दे दी है।

# समलैंगिक संबंध को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इसे अपराध नहीं बोल सकते

**नईदिल्ली, 15 अक्टूबर [एजेंसी]।**

बिना सहमति के जबरदस्ती बनाए गए समलैंगिक संबंध और अप्राकृतिक यौनाचार को अपराध मानने वाले आइपीसी की धारा-377 के प्रविधान नए अपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में नहीं शामिल किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला संसद के क्षेत्राधिकार में आता है। यह अदालत संसद को कानून बनाने या संविधान के अनुच्छेद-142 में मिली शक्तियों का इस्तेमाल करके किसी चीज को अपराध घोषित करने का आदेश नहीं दे सकती।



याचिकाकर्ता इस संबंध में सरकार को ज्ञापन दे सकता है। ये आदेश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़,जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की तीन सदस्यीय पीठ ने आइपीसी की धारा-377 के प्रविधान बीएनएस में शामिल करने की मांग वाली पूजा शर्मा की याचिका खारिज करते हुए दिए। याचिका में नए कानून की खामी को उठाया गया था। आईपीसी की धारा-377 में समलैंगिक संबंध बनाना और अप्राकृतिक यौनाचार दंडनीय अपराध था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नवतेज सिंह जौहर मामले में दिए फैसले में कहा था कि दो वयस्कों द्वारा सहमति से एकांत में बनाए गए समलैंगिक संबंध अपराध नहीं माने जाएंगे यानी उतने अंश को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। लेकिन बिना सहमति के जबरदस्ती और नाबालिग के साथ समलैंगिक संबंध बनाना अपराध था। इसके अलावा जानवरों आदि से संबंध बनाना भी अपराध था।याचिका में कहा गया था कि बीएनएस में आईपीसी की धारा-377 के प्रविधान नहीं शामिल करने से पुरुषों, ट्रांस व्यक्तियों और जानवरों के विरुद्ध यौन अपराध को अपराध घोषित करने वाला कोई प्रविधान नहीं रह गया है।

सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत संसद को इन प्रविधानों को शामिल करने का निर्देश नहीं दे सकती। उल्लेखनीय है कि अगस्त, 2024 में, दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह आईपीसी की जगह हाल में लाई गई भारतीय न्याय संहिता से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रविधानों को बाहर करने पर अपना रुख स्पष्ट करे। साथ ही कहा था कि विधायिका को बिना सहमति के अप्राकृतिक यौन संबंध के मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है।

## रेडक्रॉस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक कल

**कोरिया।** जिले में रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य प्रबंधन समिति के गठन हेतु 16 अक्टूबर 2024 को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव की ओर से आयोजित की जा रही है, जिसमें कलेक्टर की अध्यक्षता में 2024-27 के लिए राज्य प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। इस बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, बैकुण्ठपुर के सभी पेटर्न सदस्य, वाइस पेटर्न सदस्य, तथा अजीवन सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य मानी गई है। यह बैठक जिले में स्वास्थ्य और सेवा कार्यों के प्रबंधन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## करमा महोत्सव फिलहाल स्थगित

**कोरिया।** जिले में करमा महोत्सव 2024 के आयोजन के संबंध में विस्तृत रूपरेखा जारी की गई थी। सहायक आयुक्त, आदिम जाति विकास विभाग, कोरिया ने जानकारी दी है कि उक्त कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। इस सम्बंध में छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा पत्र भी जारी की गई है। कार्यक्रम के आयोजन हेतु आगामी सूचना पृथक से दी जाएगी।

## दोहरे हत्याकांड से भड़का तनाव भीड़ ने एसडीएम को भी पीटा



**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की तलवार से काटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि कुलदीप साहू नाम के शख्स ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और शवों को 5 किलोमीटर दूर नहर के पास खेत में फेंक दिया। अर्धनग्न हालत में मिले शवों के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। यह पूरा मामला कोतवाली थाना अंतर्गत का है। आरोपी कुलदीप साहू पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश में गाड़ी से भागते वक्त पुलिस पर फायरिंग करता हुआ फरार हो गया। घटना को लेकर शहर में आक्रोश बढ़ गया, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी के घर और गोदाम के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। भीड़ ने स्ष्ठरू के साथ मारपीट भी की और शहर बंद करवाकर सूरजपुर थाने का घेराव किया। शहर में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख नगर के रिंग रोड महगवां स्थित किराए के मकान में प्रथम मंजिल पर पत्नी मेहू फैज 38 वर्ष व 12 वर्षीय बेटी आलिया शेख के साथ रहते हैं। रविवार की रात वे ड्यूटी पर थे। रात को वे जब घर पहुंचे तो पत्नी व बेटी गायब थे, घर में चारों ओर खून के छींटे बिखरे हुए थे। किसी अनहोनी की आशंका पर तत्काल उन्होंने अपने आला अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद पत्नी व बेटी की खोजबीन शुरु की गई। प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी का रातभर पता नहीं चला। सोमवार की सुबह दोनों का शव सूरजपुर नगर से करीब 4 किमी दूर ग्राम पीढ़ा स्थित खेत के नालीनूमा गड्ढे में पड़ा मिला। पत्नी का शव सडक़ के इस किनारे गड्ढे में जबकि बेटी का शव सडक़ के दूसरी ओर गड्ढे में अर्द्धनग्न अवस्था में मिला।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** कंकालीपारा इंडोर स्टेडियम के पास पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक में बैठे युवती घायल है। मामले में पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कोणाल छुरा 18 वर्ष मुर्राभाठा बलांगीर उड़ीसा का रहने वाला है। बताया जाता है कि मृतक अपने रिश्तेदार स्वाती जाल को बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएन 8497 में कहीं जा रहा था, तभी कंकालीपारा इंडोर स्टेडियम के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएस 9862 ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे कोणाल छुरा की मौत हो गई। वहीं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में आजाद चौक पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## 8 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** गंजपारा बिजली खंबा के पास जुआ खेलते पुलिस ने 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 11150 रुपए जब्त किया है। गंज थाना पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर गंजपारा बिजली खंबा के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी संदीप अजमानी 48 वर्ष सहित अन्य 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 11150 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक और मुजगहन पुलिस की टीम ने अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 17 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 610 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महितोष चौक के पास आरोपी विकाश सांडिल्य 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में मुजगहन पुलिस ने कमल विहार चेकिंग प्वाइंट के पास आरोपी हरीश टंडन 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।






# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

### ठेकेदार व सम्बंधित अधिकारी समन्वय से काम करें, अपूर्ण कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश

**कोरिया।** कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित एकल व समूह नल जल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा समय पर पानी टंकी, नल कनेक्शन आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ठेकेदारों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग एवं क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ठेकेदारों को अपूर्ण कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 80 प्रतिशत तक पूर्ण किए जा चुके ग्रामो, बसाहटों के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की साथ ही उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों, टीपीआई एजेंसी एवं आईएसए को-ऑर्डिनेटर्स से कहा है कि परीक्षण, सत्यापन के कार्य में तेजी लाएं। सम्बंधित अधिकारी से कहा है कि डिमांड नोट जारी करें वहीं सम्बंधित ठेकेदार डिमांड राशि नियत समय पर जमा करें ताकि कार्य में प्रगति हो सके। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसमे किसी भी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य करने की जरूरत है, इसके लिए निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा करें। इस योजना के तहत हर घर में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य को तेज गति देने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में कुछ ठेकेदारों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के कोरिया के अधिकारी ने जानकारी दी कि जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले में विद्युत विभाग में 202 विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन जमा हुआ है, जिसमें 145 का डिमांड नोट जारी की गई है, 57 शेष है, जारी डिमांड नोट के विरुद्ध 130 स्थलों की राशि जमा की गई है। इसी तरह क्रेडा के अधिकारी ने जानकारी दी है कि जल जीवन मिशन फेस के द्वितीय चरण में सोलर पंपो की संख्या 544 है, जिसमें 414 पूर्ण हो चुके हैं, 96 प्रगतिरत है और अनुपयुक्त/कार्य अप्रारंभ 34 है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने जल जीवन मिशन के कार्यों को सतत निरीक्षण करने और कार्य में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए पीएचई व क्रेडा, पंचायत व ऊर्जा विभाग के साथ समन्वित कार्य करने के सुझाव दिए। समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कर पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार, क्रेडा के जिला प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव, बिजली विभाग से कार्यपालन यंत्री डी.के.शर्मा, एसडीओ प्रखर बेले सहित सब इंजीनियर, जिला समन्वयक एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

## पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार करेगा पूर्ण सहयोग: शेखावत

**रायपुर।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में संचालित पर्यटन संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य से सौजन्य मुलाकात के दौरान केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशानिर्देश पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में संचालित की जा रही नि:शुल्क श्री रामलला अयोध्या दर्शन योजना सहित राज्य की विभिन्न पर्यटन गतिविधियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बस्तर के शिल्पकारों द्वारा निर्मित वनवासी राम की बेलमेटल की प्रतिमा भी केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री शेखावत को भेंट की।

इसके बाद श्री आचार्य ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री एम.आर. सिंदरेम से मुलाकात कर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की योजना स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फ़ॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट - डेवेलपमेंट ऑफ आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन टू ग्लोबल स्केल के तहत रायपुर में फ़िल्म सिटी, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसॉर्ट,नेचर सिटी की नवीन योजनाओं के लगभग 300 करोड़ के प्रस्ताव सबमिट करते हुए छत्तीसगढ़ में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित,स्वदेश दर्शन योजना एवं प्रसाद योजना की प्रगति की जानकारी भी दी। इस दौरान आचार्य ने पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सुमन बिल्ला से भी मुलाकात कर राज्य में पर्यटन संबंधी अपार संभावनाओं के बारे में चर्चा करते हुए भांचा राम की प्रतिमा भेंट की।



## 4 से 18 तक उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**मनेंद्रगढ़।** नगर पालिक निगम चिरमिरी जिला-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर छत्तीसगढ़ क्षेत्रांतर्गत नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चिरमिरी के आदेश द्वारा दिनांक 27 अगस्त 2024 को सूचना प्रकाशित किया गया था उक्त प्रकाशिता सूचना को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है एवं नवीन वार्ड वार सूची अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आबंटन हेतु पुन: संशोधित विज्ञप्ति जारी किया जाता है। जो इस प्रकार हैं जिसमें वार्ड का नाम तथा वार्डों में कार्ड की संख्या दी हुई है। अब्दुल हमीद वार्ड क्र.02, 548, गंगाधर तिलक वार्ड क्र. 06, 508, महात्मा गांधी वार्ड क्र. 09, 461, संत रामकृष्ण वार्ड क्र. 15, 442, संत कबीरदास वार्ड क्र. 18, 254, डॉ. अम्बेडकर वार्ड क्र. 22, 222, विवेकानंद वार्ड क्र. 24, 285, संत कालिदास वार्ड क्र. 27, 420, महाराणा प्रताप वार्ड क्र. 29, 560, शास्त्री वार्ड क्र. 31, 379, अहिल्या बाई वार्ड क्र. 34, 484, राजीव गांधी वार्ड क्र. 36, 200, सरोजिनी नायडू वार्ड क्र. 38, 266, भगत सिंह वार्ड क्र. 40, 479 तथा मौलाना आजाद वार्ड क्र. 04 458 वार्ड शामिल है। उक्त वार्डों की सूचना इस कार्यालय को प्राप्त है। इस हेतु आदिम जाति सहकारी समिति/बहुउद्देशीय सहकारी समिति/महिला स्वयं सहायता समूह/वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है। अत: उपरोक्त संबंधितों से 04 अक्टूबर 2024 से 18 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## पुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी:मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में कहा कि यह उत्सव ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्षेत्र में कई प्रकार के करमा का आयोजन होता है। हमें हमारे पुरखों द्वारा दिखाए गए राह पर चलना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी संस्कृति को साथ लेकर चलना है, जिससे आने वाली पीढ़ी हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। करमा महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर लैलूंगा में सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 49 लाख रूपए, लैलूंगा में स्टेडियम जीर्णोद्धार के लिए 40 लाख रूपए, बास्केटबाल कोर्ट निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की और खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति प्रोजेक्ट के निर्माण काम को शुरू कराए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहिरा गुरु की जन्मस्थली और कर्मस्थली में उरांव समाज द्वारा करमा महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि उरांव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को तेजी से पूरा कर रही है। सरकार गठन के पश्चात 18 लाख पीएम आवास निर्माण को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में 8 लाख 46 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। हितग्राहियों के मकान बनने शुरू हो गए हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी गई है। 12 लाख से ज्यादा किसानों के 2 साल के बकाया बोनस जारी किया गया है। तेंदूपत्ता की कीमत 4 हजार से बढ़ा कर 5500 रूपए कर दिया गया है। महतारी वंदन योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशा के अनुरूप हमारी सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति की दूर दराज की बसाहटों तक सड़क, बिजली-पानी की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। बीते 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। जिसमें 80 हजार करोड़ की राशि से देश के आदिवासी समुदाय के उत्थान का काम होगा। छत्तीसगढ़ के गांव भी इससे जुड़ेंगे। इस अवसर पर सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बैकुंठपुर भैया लाल रजवाड़े, विधायक लैलूंगा श्रीमती विद्यावती सिदार, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, उरांव समाज से पनतराम भगत, रवि भगत सहित बड़ी संख्या में उरांव समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने सरदार किचन द पार्किंग के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राहुल वर्मा 29 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी महेन्द्र साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी गौरव नवरंगे 22 वर्ष, सुखदेव बंजारे 38 वर्ष व मदन लाल जांगड़े 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जयस्तंभ चौक के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी विनय धीवर 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# समर्पण करने पहुंचा संदीप हत्याकांड का इनामी आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र के राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की जघन्य हत्याकांड के मुख्य आरोपित ठेकेदार अभिषेक पांडेय व उसके वाहन चालक राजा यादव को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से लगातार बढ़ रहे दबाब के कारण मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय न्यायालय में समर्पण करने आया था। उसी दौरान उसे पकड़ा गया। मुख्य आरोपित के विरुद्ध सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने 30 हजार तथा पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मामले में इन दोनों के साथ अब तक 10 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

राजमिस्त्री संदीप लकड़ा का छह जून को अपहरण कर लिया गया था। छह सितंबर को उसकी लाश मैनपाट के लुरैना से बरामद किया गया था। हत्या के बाद आरोपितों ने उसके शव को दफना दिया था। उसके ऊपर पानी टँकी का निर्माण कर दिया था। मामला सामने आने के बाद से सरगुजा पुलिस की अलग-अलग टीमों को जांच में लगाया गया था। घटना में शामिल आरोपित , सहयोगी तथा मुख्य आरोपित के जीजा सहित आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय व उसका वाहन चालक राजा यादव पुलिस की पकड़ से बाहर थे।पुलिस की ओर से लगातार दबाब बनाया जा रहा था। पुलिसिया दबाव और छापेमारी के बीच ठेकेदार अभिषेक पांडेय, सोमवार को अंबिकापुर न्यायालय पहुंचा था। उसकी मंशा समपर्ण करने की थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिल गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अभिषेक के साथ उसके वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों से हत्याकांड सहित फरार होने को लेकर पूछताछ की जा रही है। राजमिस्त्री का शव बरामद होने के बाद से ही ठेकेदार अभिषेक पांडेय भागा-भागा फिर रहा था। वह किसी से संपर्क नहीं कर रहा था, इस कारण उसका लोकेशन पुलिस को नहीं मिल पा रहा था। इस बीच अभिषेक पांडेय के नेपाल भाग जाने की भी अपुष्ट खबरें सामने आ रही थी। उसके रिश्तेदार भी पुलिस की निगरानी में ही थे। कुछ दिनों से उसके एक परिचित के संपर्क में रहने की जानकारी पुलिस को मिली थी। पुलिस ने उस व्यक्ति को भी अपनी निगरानी में रखा था। हर स्तर से दबाब के कारण अभिषेक पांडेय आखिरकार टूट गया। उसके करोड़ों के ठेके निरस्त करने की प्रक्रिया भी आरंभ की गई है। अपहरण और हत्याकांड का मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय की सोमवार को जब गिरफ्तारी हुई तो चेहरे की चमक गायब थी। वह थका और पूरी तरह से टूटा हुआ नजर आया। उसने गले में एक छोटा बैग लटकाया था। चेहरे पर मास्क और पैरों में सैंडिल पहने अभिषेक के हाथों में मंदिर दर्शन के बाद बांधा जाने वाला रक्षासूत्र भी था। आदिवासी राजमिस्त्री संदीप लकड़ा के अपहरण और हत्या के बाद सरगुजा की राजनीति गरमा गई थी। सर्व आदिवासी समाज ने सीतापुर में धरना - प्रदर्शन किया था। मृतक के शव का अंतिम संस्कार 20 दिन बाद किया गया था। सरकार की ओर से मृतक के स्वजन को 25 लाख की आर्थिक मदद ,पत्नी को कलेक्टर दर पर नौकरी तथा बच्चों को निश्शुल्क उच्च शिक्षा की सुविधा के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। उसी के बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया था। बता दें कि राजमिस्त्री पर चोरी का आरोप लगाकर छह जून को अपहरण कर लिया गया था। योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या कर पुलिस को गुमराह किया गया था। छह सितंबर को संदीप लकड़ा का शव बरामद हुआ था। प्रकरण की जांच में लापरवाही के आरोप पर तत्कालीन थाना प्रभारी, एक उपनिरीक्षक सहित तीन पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय व उसके वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपित न्यायालय में समर्पण करने पहुंचा था उसके पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे रिमांड पर लेकर घटना के सभी बिंदुओं को लेकर पूछताछ की जाएगी।

## पक्का मकान बन गई जिंदगी भर की पहचान, आने वाली पीढ़ी के लिए स्थायी संपत्ति के रूप में आएगी काम

# पीएम शहरी आवास का लाभ लेकर तालम दास ने बनाया खूबसूरत मकान

**कोरबा ।** पक्के आवास होने से व्यक्ति के ना केवल सामाजिक प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में वृद्धि होती है, बल्कि आंधी, बारिश, सर्दी सभी मौसमों में होने वाली समस्याओं से भी निजात मिलती है। कोरबा नगरीय क्षेत्र के मुड़ापार निवासी श्री तालम दास महंत के बरसों का सपना प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के सफल क्रियान्वयन से हकीकत बन गया है। तालम दास ने पीएम आवास योजना एवं अपनी सालों की बचत की हुई जमापूंजी से खूबसूरत आवास का निर्माण कराया है। हितग्राही तालम दास अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जीविकोपार्जन के प्रबंध के बाद अपने परिवार वालों को सुकून व सुरक्षा की छत दिलाना किसी भी व्यक्ति की पहली प्राथमिकता होती है। उनके परिजन एक सुरक्षित मकान के अंदर चैन से अपना जीवन बिताए, इससे बड़ी खुशी और क्या होगी। लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पक्का मकान का निर्माण कर पाना बहुत मुश्किल होता है। आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे परिवारों के आवास निर्माण की चाहत को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा कर रही है।

हितग्राही ने बताया कि उसके परिवार में उनकी धर्मपत्नी, 4 बेटे, बहू, नाती पोते सहित कुल 16 सदस्य रहते है। मिट्टी की कच्ची दीवार और शीट वाली छत से बने पुराने घर में उनका परिवार एक साथ रहता था। बड़ा परिवार होने के कारण कच्चे और छोटे मकान में पूरे परिवार को गुजारा करने में परेशानी होती थी, विशेषकर चारों बेटों की शादी के बाद उन्हें नए आवास निर्माण की नितांत आवश्यकता पड़ने लगी।

कई बार बारिश के दिनों में मजदूरी का काम छोड़कर बार-बार मकान की मरम्मत भी करानी पड़ती थी जिससे परिवार के समक्ष आर्थिक समस्या भी उत्पन्न होती थी। साथ ही बरसात के समय में किसी मेहमान के अचानक आ जाने से उन्हें बहुत शर्मिंदगी महसूस होती थी। तालम दास ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से नया मकान



बनाने की सोच रहे थे, परंतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के लिए लगने वाली बड़ी राशि की व्यवस्था एकमुश्त नहीं जुटा पाने से आवास निर्माण में विलंब होता गया। इस दौरान उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत हुआ एवं आवश्यक दस्तावेजो की पूर्ति करने के बाद उनके मकान निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया। नींव डालने के बाद प्रथम किश्त की राशि उनके बैंक खाते में आ गई एवं मकान निर्माण प्रगति के साथ बकाया राशि किश्तों में समय-समय पर खाते में आती गई। कुछ ही समय मे उनका आवास निर्माण पूर्ण हो गया। हितग्राही द्वारा अपनी जीवन भर की बचत, बैंक ऋण व रिश्तेदारों से वित्तीय सहायता लेकर खूबसूरत मकान का निर्माण कराया गया है। जहां अब वे अपने खुशहाल परिवार के साथ नए मकान में सुरक्षित व आरामदेय जीवन बिता रहे हैं। हितग्राही तालम दास ने कहा कि यह पक्का मकान उनकी जिंदगी भर की कमाई व पहचान बन गई है। साथ ही उनकी आने वाली पीढ़ी के लिए यह स्थायी संपत्ति के रूप में भी काम आएगी। तलाम दास ने मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों के पक्के आवास के सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री उदाहरण के तौर पर वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी नमकीन, मिक्चर, बेकरी का निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत् लाभ प्रदान किया जाएगा। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एकल उद्यमी, एफपीओ, स्वसहायता समूह एवं सहकारिता को बैंक के माध्यम से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी दिया जाना है, जिसके तहत् नवीन एवं मौजूदा दोनों उद्यमी को पात्र परियोजना लागत की 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी परंतु अधिकतम 10 लाख रूपए दिये जाने का प्रावधान है। हितग्राही का स्वयं का योगदान 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक से ऋण दिया जाएगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं उद्यमी का अंशदान होगा। उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। योजनांतर्गत आवेदन करने के लिए उद्यमी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

## जनदर्शन में अधिकारी ने सुनी समस्या

# ट्राइसाइकल, भूमि संबंधी विवाद जैसे समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन हुए प्राप्त

**कोरबा ।** अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवेदनों का जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज ग्राम तिलकेजा के ग्रामीण बसंत राव शिंदे ने फौती नामांतरण, ऋण पुस्तिका बनाने के लिए पटवारी द्वारा पैसा मांगने तथा ऋण पुस्तिका नहीं बनाने की शिकायत करते हुए संबंधित पटवारी के विरूद्ध कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार को आवेदन प्रेषित कर इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में राजस्व अभिलेख, विद्युत विभाग, ट्राइसाइकल की मांग, जमीन विवाद तथा अपनी जमीन अन्य लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत की है। रूमगरा की श्रीमती फूलबाई कंवर ने जनदर्शन में कलेक्टर को शिकायत की है कि उनके खसरा नंबर 813/5 रकबा 0.53 को गैर आदिवासी द्वारा कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत में नंदकिशोर, बाबूचंद, मतिबाई पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कब्जा धारियों द्वारा उनके हक की



ज़मीन पर कब्जा कर अनावश्यक विवाद उत्पन्न किया जा रहा है।

इसी तरह जनदर्शन में ग्राम बोकरदा तहसील करतला के अजय कुमार ने वनभूमि को साठगांठ कर पट्टे प्राप्त करने और निरस्त करने, सरस्वती सोनी ने अभिलेख में नामांतरण, ग्राम कोथारी की सुकुत राम ने उनकी जमीन को अन्य व्यक्ति के नाम पर कराने की शिकायत की। इसके साथ ही जनदर्शन में केसला भिलाईबाजार में सबस्टेशन और कर्मचारी की मांग, सरईसिंगार से धरमपुर तक सड़क डामरीकरण की मांग सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खाद्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला व बाल विकास सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### श्वास रोगियों के लिए विशेष परामर्श और उपचार

**कोरबा।** लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद और आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर एक निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर श्री शिव औषधालय, एमआईजी 20, आरपी नगर, फेस 2, शिवाजी नगर रोड, निहारिका, कोरबा में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में श्वास रोगियों के लिए विशेष परामर्श और उपचार प्रदान किए जाएंगे। चित्रकूट की प्रसिद्ध दिव्य औषधि का निशुल्क वितरण किया जाएगा, जिसके सेवन से श्वास रोगियों को आशातीत लाभ मिलता है। इसके अलावा, श्वास रोगियों के लिए उपयोगी योगाभ्यास और प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# माण्ड नदी से अवैध रेत खनन विधायक राठिया नाराज

**कोरबा।** बारिश का मौसम समाप्त होते ही जिले के सभी नदियों का नदी का जलस्तर कम हो गया। नदियों के तट के भारी मात्रा मे रेत बहकर जमा हो गया है। रेत का जमाव होते ही रेत का खनन करने वाले माफिया भी सक्रिय हो गए हैं, जो रेत घाट से अवैध रूप से खनन कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे हैं। वही मांड नदी से रेत का खनन किये जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया को दी। जिस पर उन्होंने स्वयं निरीक्षण किया तो व्यापक पैमाने पर रेत की चोरी होना पाया। अवैध उत्खनन रोकने और सख्त कार्रवाई को लेकर उन्होंने उप संचालक खनिज को पत्र लिखकर निर्देशित किया है।



ग्राम पंचायत कुदमुरा के माण्ड नदी में अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया से की थी। कुदमुरा के ग्रामीणों की शिकायत पर श्री राठिया ने मौका स्थल माण्ड नदी पहुंच कर देखा तो भारी मात्रा में रेत उत्खनन का कार्य चल रहा था।

विधायक फूलसिंह राठिया ने जब पूछा तो पता चला कि बिना रॉयल्टी के भारी मात्रा में रेत उत्खनन हो रहा है। जिसके कारण शासन एवं प्रशासन को भारी मात्रा में राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसे लेकर विधायक ने उप संचालक (खनिज) को जांच कर 3 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उन्हें अवगत कराने कहा है। बताया जाता है कि घाट से रोजाना सैकड़ों ट्रिप रेत की चोरी हो रही है।

# शिकार के लिए बिछाए गए करेंट की चपेट में आए दो ग्रामीण, मौत

**कोरबा।** कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेला में आज देर शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो ग्रामीण युवकों की करंट से मौत होने की खबर आम हुई। बताया जा रहा है कि गांव से गुजरे 11द्म1 करंट प्रवाहित तार से किसी ग्रामीण के द्वारा शिकार करने के लिए जीआई तार आम चालू रास्ते पर घोर लापरवाही पूर्वक बिछाया (खींचा) गया था। यह तार बहुत महीन और जमीन से लगा था। इसी रास्ते से मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्राम टापरा की ओर से बेला आ रहे दो युवक नारायण कंवर पिता करम सिंह 35 वर्ष व टिकेश्वर राठिया पिता बृजलाल 32 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बेला उक्त तार के संपर्क में आ गए और बुरी तरह झुलस कर दोनों का करुणान्त मौके पर ही हो गया। हादसे की खबर फैलते ही गांव में खलबली मच गई है।सूचना पर बालको थाना में पदस्थ asi माखन लाल पात्रे, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत खरसन मातहतों के साथ घटनास्थल पहुंचे। मौके तक चारपहिया वाहन जाने का रास्ता नहीं है। पुलिस किसी तरह घटनास्थल पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए रात करीब 10–45 बजे पंचनामा बाद शव को जिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान



**कोरबा।** मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय द्वारा नर्सिंग एवं जीएमसी के छात्र छात्राओं द्वारा "वक्त है कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को सर्वोपरि करना की थीम पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह थीम लोगों, संगठनों और समुदायों के लाभ के लिए कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य और भलाई के महत्व पर प्रकाश डालती है।शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय सभागार में छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता सप्ताह अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, नुक्कड नाटक एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में कार्यरत सभी अधिकारियो तथा कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही समस्त विकासखंडो में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमएचओ ने तनाव से मुक्ति हेतु स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग जिला चिकित्सालय कोरबा एवं टेलीमानस हेल्पलाईन नं.-14416, 1800-8914416 (टोल फ्री) में संपर्क करने हेतु आग्रह किया।

# राशन के लिए भटक रहे माखनपुर के ग्रामीण

**कोरबा ।** ग्राम माखनपुर में गरीबों के थाली से भात रोटी गायब हो रहा हैं। यहां की उचित मूल्य राशन दुकान से अगस्त माह की चावल, गेंहू, शक्कर, नमक कई ग्रामीणों को आज तक नहीं मिला है। संचालक के इस रवैये को लेकर लोगों के बीच आक्रोश पनप रहा है। गरीबों को मिलने वाली थाली से पौष्टिक आहार चावल रोटी गायब हो गई है। हितग्राहियों को बगैर रोटी चावल से बना भात खाकर ही पेट भरना पड़ रहा है। एक तरफ चना चावल की खरीदी करने वाले लोग गांव में घूम कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल के बदले में एचएमटी खंडा व चावल और दूसरा किस्म का चावल थमा रहे है और चने के बदले में शक्कर दे रहें हैं।

बताया जा रहा है कि नगर के किस दुकान में यह गोरख धंधा चल रहा है। इसकी जानकारी प्रशासन को है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने गंभीरता नहीं दिखा रहे है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि संचालक द्वारा बिना वजन काटे बरदाना में चावल भरकर वितरण किया जाता हैं। इससे तीन किलो चावल कम हो जाता है। इसी तरह सार्वजनिक वितरण प्रणाली सैला से भी रोज बड़े पैमाने पर गरीबों को मिलने वाली चावल का हेराफेरी किया जा रहा हैं।

चावल की खरीदी करने वाले लोग शासन की आंखों में धूल झोंक कर गरीबो के हिस्से के चावल को खरीद कर उन्हे जरूरतमंदों को फिर बेचकर बड़ा मुनाफा कमा रहे है। कलेक्टर के दरवाजे पहुंचने मजबूर ग्रामीण हक और अधिकार से वंचित हो रहे गरीब हितग्राहियों की आवाज को सड़क से लेकर कलेक्टर तक उठाने के लिए ग्राम माखनपुर के झुग्गी झोपड़ी रहने वाले ग्रामीण मजबूर हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि गरीब हितग्राहियों को हर माह पूर्व की तरह चावल, गेंहू, शक्कर, चना, नमक प्रदाय करने की मांग किए हैं। दैनिक मजदूरी करने वाले दिहाड़ी मजदूर भी महंगे दाम में चावल खरीदकर खाने



विवश है।

भगवती कंवर माखनपुर निवासी भगवती कंवर का कहना है कि अगस्त माह का चावल नहीं दिया हैं। अब अक्टूबर आ चुका है। वितरक को बोलने कहा जाता है कि देगें। लेकिन कब देंगे, यह भगवान जाने और माह गुजरते जा रहा हैं।

मुझे लगता है कि हितग्राहियों का ध्यान भटकाने काम किया जा रहा हैं। माखनपुर निवासी धनेश्वरी तंवर का कहना है कि शासन द्वारा चलाई जा रही छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चावल देने की योजना के लाभ से उन्हें वंचित किया जा रहा है। जिसे रोकने के साथ ही साथ योजनाओं को सही तरीके से क्रियान्वयन करने में खाद्य विभाग के अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं। यशराज माखनपुर निवासी यशराज का कहना है कि उचित मूल्य की दुकान के संचालक से काफी समय से ग्रामीण परेशान हैं। लोगों का कहना है कि वह अपनी मनमानी पर राशन वितरण करता है। हितग्राहियों को निर्धारित दिन और समय पर राशन नहीं दिया जा रहा है।

### डॉक्टर कलाम के जन्मदिन पर अखबार वितरक दिवस मनाया गया

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में आज अखबार वितरक दिवस पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक बचपन में अखबार वितरक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर नमन कर याद किया। इस अवसर पर संरक्षक पदुम सिंह चंदेल, प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा व जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू अपने पूरे पदाधिकारी के साथ उपस्थित थे। डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने बचपन में अखबार वितरण का कार्य करते थे उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के संरक्षक पदुम सिंह चंदेल



ने अपना विचार व्यक्त किया धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव जय सिंह नेताम लक्ष्मी राठौर रामा, , तपेश्वर राठौर , अनिल गिरी राजकुमार पटेल कृष्ण कुमार निर्मलकर, राय सिंह दिनेश वैष्णव सुधीश, विलसन हर्ष नेताम देव पटेल गोलू देवांगन, , दिलीप यादव, सुनील साहू, दीपक यश नेताम आयुष लाला बजरंग राजेश पाल शुभंकर उपस्थित थे

# रेलवे में नौकरी लगने के नाम पर सफाई कर्मी ने रिटायर्ड अधिकारी से ठगे 11 लाख

**कोरबा।** रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी की बेटियों को मंत्रालय व रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर अधीनस्थ कार्यरत सफाई कर्मी ने 11 लाख रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ित रमेश कुमार करायर उम्र लगभग 63 वर्ष एम.आई.जी. 11/2, पंडित रविशंकर शुक्ल नगर का निवासी है। उसके साथ मुरारी लाल रागडे पिता नामालूम, कार्यालय-टी.ए. सिविल, ऑफिस, एस. ई.सी.एल., कोरबा, निवासी मानिकपुर, मटन दुकान व पोखरी के पास व सोनी भारती निवासी पुरेना बस्ती तेलीबांधा, रायपुर ने ठगी किया है।

पीड़ित ने न्यायालय में आवेदन-पत्र अंतर्गत धारा 156 (3) द.प्र.सं. वास्ते अभियुक्त के विरुद्ध भा.द.वि. की धारा 420, 120 (बी) के तहत प्रथम सूचना पंजीबद्ध किये जाने हेतु संबंधित थाना को आदेशित किये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया था। परिवादी एस.ई.सी. एल. मुख्यालय कोरबा के सिविल विभाग में इंजीनियरिंग असिस्टेंट के पद पर कार्यरत था व 31.11.2017 को सेवानिवृत्त हुआ। परिवादी के उपरोक्त पद पर पदस्थ रहने के दौरान मुरारीलाल रागड़ें एस.ई.सी.एल. मुख्यालय कोरबा के सिविल विभाग में सफाई कर्मी के पद पर अधीनस्थ कार्यरत था व सफाई कर्मी कार्यरत है। वह रायपुर स्थित मंत्रालय के उच्चाधिकारियों, कथित नेताओं व मंत्रियों से सम्पर्क होने व अब तक अनेक लोगों की शासकीय नौकरी लगा चुका है,बताया। पीड़ित की दो पुत्रियाँ आरती करायर एवं ममता करायर व आरती करायर की मित्र नूतन साहू को शासकीय नौकरी हेतु प्रयास करते देखा था। इस चिंता से वाकिफ आरोपी ने दोनों पुत्रियों की शासकीय नौकरी आवश्यक रूप से लगाने का आश्वासन दिया जिससे उसकी बातों पर विश्वास हो गया था। आरती व नूतन की शासकीय नौकरी छत्तीसगढ़ मंत्रालय, रायपुर में तथा ममता करायर की शासकीय नौकरी रेलवे में लगवा देने का भरोसा दिया।इसके लिए खर्च लगने की बात कहकर एडवांस राशि जल्द दिये जाने परिजनों पर दबाव डाला गया कि जितनी जल्दी रकम दोगे, उतनी जल्दी में तीनों की नौकरी लगवा सकेगा। कुल 4 लाख रूपए आरोपी सफाई कर्मी के खाते में जमा/ट्रांसफर करने की बात पर कहा कि वह भी शासकीय नौकरी करता है, उक्त राशि उसके खाते में जमा किये जाने से उसकी जाँच आदि की संभावना रहेगी तथा उसके नौकरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इसलिए परिवादी व नूतन साहू के परिजन एडवांस राशि मित्र (दूसरे आरोपी) के खाते में जमा करने कहा गया। इस तरह बैंक में जमा/ट्रांसफर व नगद के जरिए अलग-अलग तारीख में कुल 11 लाख पाँच हजार रूपए छलपूर्वक लिया गया। इसके बाद नौकरी आज-कल में लगवाते वर्ष 2019 व्यतीत हो गया। उपरोक्त रकम वापस करने में भी टाल-मटोल किया जाने लगा।विवश होकर परिवादी द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19.03.2021 को विधिक सूचना पत्र प्रेषित कर उपरोक्त राशि की मांग की गई, जिसका आरोपी सफाईकर्मी द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22.03.2021 को जवाब प्रेषित करते हुए परिवादी पर ही झूठा आरोप लगा उक्त राशि देने से इंकार कर दिया। फिर परिवादी एवं नूतन साहू के द्वारा दिनांक 03.05.2021 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा दिनांक 09.06.2021 को चौकी मानिकपुर में लिखित शिकायत किया गया,

## बिजली कर्मचारी संघ का जन जागरण अभियान

**कोरबा।**विद्युत मंडल में बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कई मांगो पर कर्मचारियों से चर्चा करते हुए राय ली जा रही है। संविदा कर्मचारियों को नियमित करना एवं आवासों में निर्माण कार्य करना सहित कई मांगे है। कोरबा पश्चिम में अजय मिश्रा,हेतराम खुंटे, केदार राठौर, मदन मोहन पाण्डेय के द्वारा जनजागरण अभियान चलाया गया। जबकि कोरबा पूर्व में नवरत्न बरेठ ,संदीप राठौर, श्याम सुंदर खुंटे सुनीता जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय थे। 16 अक्टूबर को दर्री विद्युत मंडलके सामने आमसभा भी आयोजित की गई है। जबकि 17 अक्टूबर को यह आम सभा कोरबा पूर्व संयंत्र के सामने होगी। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सचिव आर.एस. जयसवाल शामिल होगें।

***कोरबा।** बालकोनगर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। जन स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि समस्या उन्मूलन को लेकर गंभीरता दिखाई जानी चाहिए।

# दीपावली के तुरंत बाद शुरू होगा अंडरब्रिज का निर्माण

## रेलवे और प्रशासन खर्च करेंगे 15-15 करोड़

**कोरबा।** बहुप्रतिक्षित संजय नगर रेलवे क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण अगले महीने प्रारंभ होने की आशा है। दीपावली पर्व के बाद इस पर काम प्रारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सेतु निगम को इस काम की जिम्मेदारी दी गई है। कहा जा रहा है कि संभवत: इसी महीने तकनीकी स्वीकृति और अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति हो जाएगी।



साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे के गेवरारोड-कोरबा रेलखंड पर कोरबा शहर में निगम के वार्ड क्रमांक-11 अंतर्गत रेलवे क्रासिंग की उपस्थिति है। इसका मुख्यता उपयोग कोयला मालगाड़ियों के परिवहन के लिए हो रहा है जबकि इक्का-दुक्का यात्री गाड़ियां भी यहां से गुजरती हैं। चूंकि शहर के बड़े हिस्से से लेकर रेलवे स्टेशन और चांपा की तरफ जाने वाले लोग सुविधा को देखते हुए इस रास्ते का उपयोग करते हैं। ऐसे में बार-बार रेलगाड़ी के आने-जाने पर रेलवे क्रासिंग को बंद करने पर समस्या होती है। कई दशक से यह परेशानी यहां पर कायम है। स्थानीय और बाहरी बिजली घरों को कोयला आपूर्ति के लिए जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उसके अंतर्गत कोयला से भरे रैक इस रास्ते से होकर पहले स्टेशन पहुंचते हैं और फिर वहां से रूट डायवर्ट कर सीधे गंतव्य के लिए भिजवाया जाता है। इस पूरे क्रम में संजय नगर क्रासिंग जो कि 24 घंटे आवाजाही को लेकर व्यस्त रहती है, उस पर समस्याएं हो रही है और लोगों को कई प्रकार की मुश्किलों से दो-चार होना पड़ रहा है। काफी समय से हो रही कोशिश के बाद इस वर्ष मामले को हल करने का विचार आया। उक्तानुसार रेलवे और प्रशासन ने मिलकर संजय नगर क्रासिंग पर रेल अंडरब्रिज बनाना तय किया है। 50-50 प्रतिशत की राशि को शेयर करने के सिद्धांत पर यह काम कराया जाना है। कुल 30 करोड़ रुपए की राशि इस निर्माण पर खर्च होना है इसके लिए सहमति पहले ही बन चुकी है। बताया गया कि संबंधित क्षेत्र में तीन तरफ जल संसाधन विभाग की जमीन मौजूद है जिस पर कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अगस्त महीने में इसके लिए संबंधितों को नोटिस दिए गए थे जिसे बाद में मानवीय आधार बताते हुए कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया। खबर के मुताबिक अब यह काम शीघ्रता से करना है और इसके लिए नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई है। सहूलियत होने के साथ निर्माण के रास्ते प्रशस्त होंगे। नागरिकों ने कहा कि इस मार्ग पर अंडरब्रिज तैयार होने से वर्षों की मुश्किलें दूरी होंगी और स्थायी हल प्राप्त होगा।

### फाइल प्रक्रियाधीन

*रोड अंडरब्रिज निर्माण का काम छत्तीसगढ़ सेतु निगम की कोरबा जिला इकाई को करना है। बहुत पहले इस बारे में यह विषय संज्ञान में आने पर हमारी ओर से प्राथमिक औपचारिकताएं पूरी की गई। संबंधित फाइल तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रक्रियाधीन है। यह काम पूर्ण होते ही दीपावली के बाद निर्माण संबंधी कामकाज शुरू होगा।*

***-अक्षय जैन, एसडीओ, सेतु निगम, कोरबा***

## दो लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य, अब तक लगे 10 हजार



**कोरबा।** कई प्रकार की झंझट और राजस्व वसूली से मुक्त होने के लिए दूसरे राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बदली जा रही है। उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाना इसी का हिस्सा है। पिछले महीनों में इसे शुरू कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता पी.एल.सिदार ने बताया कि कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र मिलाकर लगभग 2 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें घरेलू से लेकर कृषि और व्यवसायिक उपभोक्ता शामिल हैं। नीतिगत रूप से तय किया गया है कि अधिकतम दो वर्ष के अंदर जिले में स्मार्ट मीटर की स्थापना सभी स्थान पर कर ली जाएगी। अब तक की स्थिति में लगभग 10 हजार स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही की गई है। यह काम द्रुत गति से चल रहा है। महाराष्ट्र की जिशान नामक कंपनी को इसका ठेका मिला हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग कंपनी इस काम को देख रही है। कामकाज को करने के लिए संबंधित सेटअप ठेका कंपनी का है।

### कई तरह के किए जा रहे दावे

स्मार्ट मीटर को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में आपत्ति जताई जा रही है और विरोध किया जा रहा है। लेकिन बिजली वितरण कंपनी का कहना है कि सरकार के स्तर पर जो निर्णय लिया जा चुका है उसका क्रियान्वयन कराना हमारी जिम्मेदारी है। स्मार्ट मीटर को लेकर कई दावे किए जा रहे हैं कि इस व्यवस्था से फर्जी रीडिंग की शिकायतें कम होंगी। छेड़छाड़ की संभावनाएं भी नगण्य होगी, यह प्री-पेड सिस्टम पर काम करेगा इसलिए बिल भुगतान और बकाया जैसे मामले में चुनौतियां भी घटेगी

## राजस्व न्यायालय के अधिकारियों को मिला संरक्षण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी की है जिसमें न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को उनके कार्यों के दौरान मिलने वाले कानूनी संरक्षण की जानकारी दी गई है।

विभाग के अनुसार, कई मामलों में असंतुष्ट पक्षकार, राजस्व अधिकारियों के निर्णयों के खिलाफ विधिवत अपील करने के बजाय सीधे पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हैं। इससे अधिकारियों को पुलिस की जांच का सामना करना पड़ता है, जो कि न्यायिक प्रक्रिया के विरूद्ध है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत राजस्व अधिकारियों को न्यायिक कार्यवाही के दौरान विशेष अधिकार प्राप्त हैं और उनके द्वारा दिए गए निर्णयों के खिलाफ अपील करने के प्रावधान मौजूद हैं। इस प्रकार, उन्हें सिविल या आपराधिक मुकदमों से न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 की धारा 2 और 3 के अंतर्गत कानूनी सुरक्षा प्राप्त है।

विभाग ने कहा कि राजस्व न्यायालय के सभी अधिकारी, जो न्यायिक कार्यवाही करते हैं, अधिनियम के अंतर्गत न्यायाधीश माने जाएंगे और उन्हें उनके कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की सिविल या आपराधिक कार्रवाई से बचाया जाएगा। यह अधिसूचना प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजी गई है ताकि राजस्व अधिकारियों को उनके न्यायिक कार्यों के लिए उचित संरक्षण मिल सके।

*सर्कुलर के जारी होने से सभी राजस्व अधिकारियों में हर्ष ब्यापत है। कनिष्ठ प्रशासनिक संघ द्वारा लंबे समय से शासन से इसकी मांग की जा रही थी। इस सर्कुलर के आने से अब सभी राजस्व अधिकारी अपने पदेन्न दायित्वों का निर्वहन सहजता और निर्भीकता से कर पाएंगे ।*

***अमित केरकेट्टा, तहसीलदार दीपका तहसील***

*राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों को न्यायधीश संरक्षण अधिनियम 1985 के तहत संरक्षण प्राप्त है। जिसमे उनके द्वारा पारित आदेश के तारतम्य में किसी भी प्रकार का वाद-दावा या कानूनी कार्यवाही नही किया जा सकता है। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी आदेश किया जा चुका है। साथ ही शासन द्वारा भी निर्देश प्रसारित किया गया है।*

***शशिभूषण सोनी, प्रवक्ता, छ.ग.कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ***

## कार्यकर्ताओं ने जलेबी बांटी

**कोरबा।** हरियाणा में भाजपा की सरकारर बनने पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जश्न मनाते हुए जलेबी बांटे उमरेली में मंडल महामंत्री नवीन देवांगन ,रजगामार में दिनेश तिवारी धनजंय चौहान , पसान में विवेक मारकंडे , हिमांशु पाण्डेय प्रकाश तिवारी जबकि कटघोरा में किशन केशर वानी समजीत सिंह जय गर्ग, अनुराग दुललानी के द्वारा जलेबी वितरित किया गया। इसी तरह उरगा मंडल में किशन साव प्रकाश यादव के नेतृत्व में जश्न मनाया गया।



### केंदई रेंज में गजराजों का उत्पात जारी

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां के कापानवापारा व परला क्षेत्र में 49 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जो खेतों में पहुंचकर फसलों को मटियामेट कर रहे हैं।

## कामगारों के समस्याओं पर चर्चा

**कोरबा।** कुसमुंडा में अजय अजाजा पिछड़ा वर्ग के अप्लाईज कॉउसिल की आई आर बैठक आयोजित की गई। जिसमें विरेन्द्र टंडन व जवाहर मार्को ने कोयला कामगारों की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा। जिसमें कहा गया कि वेतन सिल्प बनाते समय कई एलाउस छुट जाते है। जिसको जोड़ना अति आवश्यक है। कोयला कामगारों को नुकसान नही होनी चाहिए इसी तरह आवासों के मरमत्ती करण के मुद्दे को उठाया गया। आवासों की मतमत्ती करण के लिए कई आवेदन जमा किए गए है। जिस पर कार्य करना जरूरी हो गया है। मरमत्त नही होने से कोयला कामगार परेशान है। इसी तरह कोयला कामगारों के आने जाने वाले मार्ग को बनाना अति आवश्यक हो गया।

## श्रीवास कल्याण समिति का स्थापना दिवस एवं शरद पूर्णिमा 17 को

**कोरबा।** श्रीवास कल्याण समिति का 19वां स्थापना दिवस एवं शरद पूर्णिमा का आयोजन 17 अक्टूबर को सायं 4 बजे अंजनी कुंज श्रीवास सामुदायिक भवन में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन समाज के प्रथम विधायक विकेश सेन वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र करेंगे। इस अवसर पर सैलून एवं पार्लर संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी संपन्न होगा तथा वर्तमान दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। शरद पूर्णिमा एवं स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी महिलाओं एवं बच्चों द्वारा गरबा-डांडिया प्रस्तुत किया जाएगा। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। यह जानकारी देते हुए श्रीवास कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहनलाल श्रीवास ने पत्रकार वार्ता बताया कि समिति 19 वर्षों से जिले में सेवा देते आई है तथा समाज जन्म से ही सेवाभावी धर्म निभाते आ रहा है। पत्रकार वार्ता में उपाध्यक्ष कन्हैया लाल श्रीवास, महासचिव शत्रुघ्न श्रीवास, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास, सदस्य रमेश कुमार श्रीवास एवं उदयराम श्रीवास व अन्य उपस्थित थे।

## 15 ब्लॉक में रावण दहन आज

**कोरबा।** 15 ब्लॉक कालोनी एसईसीएल में विजयादशमी उत्सव आज रात्रि 9 बजे आयोजित किया जा रहा है। यहां पर विशाल रावण का पुतला दहन किया जाएगा।

## डिडीनेश्वरी देवी मंदिर में मेला आज

**कोरबा।** शांति नवरात्र पर्व और विजयादशमी के अवसर पर आज डीडीनेश्वरी देवी मंदिर मैं वार्षिक मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर भव्य तैयारी की गई है। मंदिर प्रबंधन समिति और आसपास की कई ग्राम पंचायत की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के यहां आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए करतला पुलिस के द्वारा सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। थाना प्रभारी के के वर्मा ने बताया कि मेला की व्यवस्था और कई अन्य पहलू को ध्यान रखते हुए यहां पर पर्याप्त बल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मंदिर प्रबंधन की ओर से कई वालंटियर भी लगाए जा रहे हैं ।

# उद्योग मंत्री देवांगन का पं. शिवराज ने किया सम्मान



**कोरबा।** राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक और लोक गायक पं. शिवराज शर्मा नवाचार के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक और राज्य सरकार में श्रम उद्योग मामलों के मंत्री लखनलाल देवांगन की भूमिका एवं क्षेत्र की अपेक्षा को लेकर प्रमाण पत्र की रचनाकर उसे आरएसएस नगर में आयोजित दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में सौंपा। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों सहित हजारों नागरिक उपस्थित थे।

## हसदेव घाट पर महाआरती 17 को

**कोरबा।** आश्विन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में स्थानीय हसदेव घाट पर महाआरती 17 अक्टूबर को शाम 6 बजे होगी। नमामी हसदेव के इस आयोजन में विद्या भारती प्रांतीय अध्यक्ष जुड़ावन सिंह यजमान होंगे।




# बालको एवं बिहान के संयुक्त प्रयास से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर



**कोरबा।** कोरबा कलेक्ट्रेट में मुख्य अतिथि श्रीमती रीना अजय जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कोरबा और चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने टी एवं कॉफी आउटलेट 'उनाटी' का उद्घाटन किया। छत्तीसगढ़ में संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के सहयोग से बालको की उन्नति परियोजना के माइक्रो एंटरप्राइज 'उनाटी' के स्टॉल की शुरूआत की गई। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं कलेक्ट्रेट में विभिन्न फ्लेवर की चाय, कॉफी और नाश्ता बेचेंगी। बिहान और बालको द्वारा एसएचजी महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके बेहतर जीवनशैली को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम है।

कलेक्ट्रेट परिसर में उन्नति परियोजना के अंतर्गत आउटलेट 'उनाटी' को ग्राम नकटीखार की मातृ भूमि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। यहां जसपूर एवं बस्तर से उत्पादित चाय तथा कॉफी के विभिन्न फ्लेवर के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक कलेवा का स्वाद भी ग्राहक ले सकेंगे। उन्नति परियोजन के छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा निर्मित सलोनी, खाजा और चॉकलेट भी यहां पर विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। महिलाओं के द्वारा संचालित इस उद्यम का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है, इसीलिए बालको एवं बिहान मंच के संयुक्त प्रयास से ऐसे अन्य उद्यम इकाइयों की स्थापना और प्रोत्साहन की योजना है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने उन्नति परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से हम समुदाय में सकारात्मक बदलाव के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करें। श्री कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान दे रही हैं।

चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने एसएचजी महिलाओं को संबोधित किया और बिहान कार्यक्रम की ओर से सक्रिय सहभागिता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि यह सूक्ष्म उद्यम महिलाओं के स्वावलम्बन और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास है। छत्तीसगढ़ में मिशन बिहान एक महत्वाकांक्षी योजना हैं जो एसएचजी महिलाओं को रोजगार के लिए एक निश्चित प्लेटफ़ार्म उपलब्ध कराता है। जहां वो अपने निर्मित सामग्रियों को आसानी से बिक्री कर सकें। 'उनाटी' प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली नकटीखार की रामबाई 'मातृ भूमि' स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बालको के सहयोग से आज मैं खुद के पैरों पर खड़ी हूं। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने मुझे एक नया आत्मविश्वास दिया है। अब मैं घर के खर्च में भागीदारी निभाने में सक्षम हूं।

बालको की उन्नति परियोजना एसएचजी की महिलाओं के लिए लक्षित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है। 'छत्तीसा' के अंतर्गत एसएचजी महिलाओं को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाना का प्रशिक्षण दिये गए हैं। उन्नति परियोजना सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) जीपीआर स्ट्रेटजीज एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी से चल रही है। जीपीआरएसएस के सहयोग से महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जिससे उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में मदद मिली है। कोरबा के 45 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 531 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5768 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com